हरिभूमि
# रायपुर भूमि



शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए बढ़ाई गई हैं सीटें, कार्योत्तर विद्या परिषद ने दी मंजूरी

विवि का कहना, अगले सत्र में होगी फीस में वृद्धि

### केवल वर्तमान सत्र के लिए

पेमेंट कोटे के अंतर्गत सीटों की वृद्धि सिर्फ वर्तमान सत्र के लिए की गई है। इसे स्थायी रूप से नहीं किया जा सकता है। ऐसे में कार्यपरिषद की बैठक में केवल शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सीटों में बढ़ोत्तरी की गई है। अगले सत्र में सीट वृद्धि के लिए फिर से प्रस्ताव लाना होगा। मौजूदा सत्र में सीट वृद्धि के साथ ही विवि द्वारा कहा गया है कि अगले सत्र से पेमेंट कोटे की सीटों में फीस वृद्धि होगी। हालांकि यह वृद्धि कितनी होगी, यह स्पष्ट नहीं किया गया है।

# गजब का मैनेजमेंट! रविवि ने बढ़ाई एलएलएम की 10 सीटें, ये पेमेंट कोटा, लेकिन फीस सिर्फ 5000 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए लॉ के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अर्थात एलएलएम के लिए 10 सीटों पेमेंट सीटों को मंजूरी दे दी है। यह स्वीकृति कार्योपरांत दी गई है, अर्थात प्रवेश के दौरान प्रबंधन से अनुमति प्रदान कर सीटों में वृद्धि कर दी गई थी, लेकिन कार्यपरिषद की बैठक में इसे बाद में रखा गया और स्वीकृति प्रदान की गई। इस पूरी प्रक्रिया में सर्वाधिक चौंकाने वाली बात यह है कि पेमेंट कोटे की सीट विवि ने सिर्फ पांच हजार रुपए ही रखी है।

लॉ संबंधित पाठ्यक्रमों का संचालन रविवि अध्ययनशाला के अतिरिक्त गिनती के संबद्ध महाविद्यालयों में होती है। लॉ पाठ्यक्रमों की सीमित सीटें होने के कारण इसके लिए मारा-मारी की स्थिति बनी रहती है। सीट से कई गुना अधिक आवेदन इसके लिए प्राप्त होते हैं। सीट बढ़ाने की ⏭ शेष पेज 13 पर

खास खबर



### 50 हजार से एक लाख तक होती है फीस

सामान्यतः किसी भी संस्थान द्वारा पेमेंट कोटे की सीट वित्तीय प्रबंधन के लिए रखी जाती है। पेमेंट कोटे की सीटों की फीस अन्य कोटे की तुलना में कई गुना अधिक होती है। इस कोटे की सीट से होने वाली कमाई से आर्थिक व्यवस्था सुचारू करने की कोशिश की जाती है। किसी भी संस्था में परंपरागत ⏭ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### इंटरसिटी से कटकर युवक की मौत, आत्महत्या की आशंका

**रायपुर।** राजधानी के रेलवे स्टेशन में दोपहर 12.40 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस से ओडिसा निवासी गुड्डू बेहरा की कटकर मौत हो गई। घटना में सिर धड़ से अलग हो गया गया। इसके अलावा ट्रेन के पहिए से हाथ भी कट गया। जीआरपी के मुताबिक, दोपहर में इंटरसिटी एक्सप्रेस सेयुवक की मौत हुई है। दो ट्रेनों के बीच यह घटना होने से स्पष्ट रूप से यह सीसीटीवी में दिखाई नहीं दे रहा है। आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। आधारकार्ड के अनुसार युवक गुड्डू बेहरा ओडिशा का मूल निवासी है। वह रायपुर में काम करता था। परिजन के अनुसार, कैंसर से पीड़ित था। जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

### बंद फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** इरफान मेघजी निवासी डी रॉयल गार्डन कौसा मुंब्रा ठाणे महाराष्ट्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि यह 2016 से मुंबई से रायपुर अनवर ढेबर के यहां उसकी कंपनी ढेबर बिल्डकॉन में काम करने के लिए आया था। जहां उसे रहने के लिए एक फ्लैट उपलब्ध कराया गया था। दिसंबर 2023 में वह कंपनी से काम छोड़कर मुंबई चला गया, लेकिन निजी समान फ्लैट में ही रखा था। उक्त फ्लैट का ताला तोड़कर आसिफ अहमद खान उर्फ पापा निवासी अमरदीप टॉकीज के पीछे, ने उसका 30 हजार का सामान चोरी कर लिया। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद आरोपी ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जिसकी गिरफ्तारी की गई है। आरोपी से चोरी गई संपत्ति की बरामद की गई एवं उसे एक दिन के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### खेत में कचरा फेंकने पर विवाद, महिला को पीटा

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने मारपीट के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थिया सेवती धीवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे राजेश वर्मा नामक व्यक्ति ने उसके खेत में कचरा फेंकने की बात पर विवाद करते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर हाथ-मुक्का से मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने धारा 296, 115-2, 351-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

एसीआई की समस्या दूर नहीं हो रही, अफसरों ने कुछ दिन पहले निर्देश भी दिए, पर....

# जांच किट नहीं, इसलिए तीन माह से टल रही हार्ट की सर्जरी, 200 मरीज लौट गए निराश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

निरीक्षण के दौरान आला अधिकारी द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद हार्ट सर्जरी के दौरान मरीजों के रक्त परीक्षण करने वाली किट एसीआई के हार्ट सर्जरी विभाग को नहीं मिल पाई है। इसी वजह से अब तक मरीजों को ऑपरेशन कराने राहत नहीं मिल पाई है। इस विभाग में एनेस्थेटिक और परफ्यूनिजिस्ट की भर्ती मामला भी अधर में है, जिसके जल्द ही सुलझने के आसार बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पिछले दिनों आयुक्त चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट का दौरा किया गया था। इस दौरान वहां के चिकित्सकों ने मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई तरह की कमियों को दूर करने का निवेदन किया था। सीटीवीएस विभाग के डाक्टरों ने बताया था कि काफी समय से उन्हें एबीजी किट नहीं मिल पाई है, जिसकी वजह से मरीजों की ओपन हार्ट सर्जरी प्रभावित है। यह किट सर्जरी के दौरान मरीजों के रक्त में मौजूद ऑक्सीजन और कार्बन डाइआक्साइड को परखने के लिए महत्वपूर्ण होती है। जानकारी होने के बाद अफसर ने इसकी तत्काल व्यवस्था करने की हिदायत दी थी, मगर पांच दिन का वक्त बीतने के बाद भी इस किट के अभाव में मरीजों की सर्जरी शुरू नहीं हो सकी है, जो पिछले तीन महीने से अटकी पड़ी है।

इस दौरान अस्पताल में बेहोश करने वाले कार्डियक एनेस्थेटिक और परफ्यूनिजिस्ट की कमी के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया था कि 137 पदों के साथ इन पदों को स्वीकृत किया गया था, मगर भर्ती नियम नहीं बनाए जाने की वजह से अब तक इनकी व्यवस्था नहीं हो पाई है। प्रति ऑपरेशन भुगतान कर इनकी व्यवस्था की जाती है, मगर इससे नियमित ऑपरेशन में काफी दिक्कतें होती हैं। सूत्रों के मुताबिक इस समस्या का समाधान स्वशासी समिति की अगली बैठक में करने का आश्वासन दिया गया है।



### निजी अस्पताल जा चुके मरीज

बाइपास सर्जरी के बाद कार्डियक सर्जरी विभाग में ओपन हार्ट सर्जरी नहीं होने की वजह से मरीजों को निजी अस्पताल में जाकर यह इलाज कराना मजबूरी है। सूत्रों के अनुसार सामान्य दिनों में यहां सप्ताह में दो से तीन ऑपरेशन को जाते थे। अब तक दो सौ से अधिक मरीजों को यहां निराश होकर वापस लौटना पड़ चुका है।

### दो नए हास्पिटलों में यही समस्या

सूत्रों का कहना है कि जगदलपुर और बिलासपुर में कार्डियक सर्जरी की सुविधा शुरू की जानी है। इसके लिए विभिन्न पद स्वीकृत किए गए, मगर परफ्यूनिजिस्ट सहित कार्डियक से संबंधित कुछ अन्य पद स्वीकृत नहीं किए गए हैं। आने वाले दिनों में इस बीमारी के इलाज के लिए कार्डियक से संबंधित विशेषज्ञ नहीं होने की वजह से वहां भी यही समस्या होने की संभावना है।

### स्थायी समाधान जरूरी

स्टाफ का स्थायी समाधान किया जाना जरूरी है। बाहर से स्टाफ बुलाकर सर्जरी के बाद इमरजेंसी होने पर उनकी वापसी मुश्किल होती है। ऐसी स्थिति मरीजों के लिए जोखिम भरा होता है। टेस्ट किट अभी नहीं मिल पाई है।

**- डॉ. कृष्णकांत साहू,** विभागाध्यक्ष कार्डियक सर्जरी

# बीई की 11 हजार सीटों में से 4 हजार में ही दाखिले एमई में सिर्फ 107

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में इस बार भी आधे से अधिक सीटें खाली रह गई हैं। प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में इंजीनिरिंग की 11 हजार 116 सीटें हैं। इसके लिए 5 हजार 817 आवेदन तकनीकी शिक्षा संचालनालय को मिले थे। इनमें से मात्र 3 हजार 939 छात्रों ने ही प्रवेश लिए हैं। तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा जिन अन्य पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन मांगे गए थे, उनकी सीटें भी रिक्त रह गई है। स्नातक के अलावा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के रिक्त सीटों की जानकारी भी विभाग द्वारा साझा कर दी गई है।

■ एमबीए की 2 हजार सीटों में से 689 में ही प्रवेश

जारी आंकड़ों के मुताबिक, डिप्लोमा इन कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग तथा इंटीरियर डेकोरेशन की 122 सीटों के लिए 61 छात्रों ने आवेदन भरे थे। इनमें से सिर्फ 29 ने ही एडमिशन लिए। डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग एंड आर्टिटेक्टर की 8 हजार 390 सीटों के लिए ⏭ शेष पेज 13 पर

### एमसीए की 650 में से 206 सीटें ही भरी

स्नातक के साथ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सीटें भी रिक्त रह गई हैं। एमई की 1 हजार 245 सीटों में से 107 सीटें ही भर सकी हैं। इसके लिए 152 आवेदन मिले हैं। मास्टर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन की 650 सीटों के लिए 825 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनें से मात्र 206 छात्रों ने ही दाखिले लिए। इसी तरह मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन अर्थात एमबीए की 2 हजार 70 सीटों में से 689 में ही छात्रों ने प्रवेश लिए। इसके लिए 825 आवेदन मिले थे। इस तरह से आधे से अधिक सीटें खाली रह गई हैं।

# होटल के कमरे में लाखों का दांव, पकड़े गए 10 रसूखदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित एक होटल में पुलिस ने सोमवार देर रात को छापामार कार्रवाई की। इस दौरान होटल के एक कमरे में जुआ खेलते 10 जुआरियों को पकड़ा गया है। पुलिस ने दांव में लगे करीब दो लाख रुपए एवं ताशपत्ती जब्त की है। सूत्रों के अनुसार, सभी जुआरी कारोबारी और रसूखदार परिवार के हैं।

डीएसपी क्राइम संजय सिंह ने बताया कि एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली थी कि वीआईपी रोड स्थित होटल के कमरा नंबर 115 में जुआरियों द्वारा बड़ा दांव खेला जा रहा है। इस सूचना पर साइबर क्राइम एवं तेलीबांधा पुलिस ने संयुक्त रूप से रात करीब 12 बजे होटल में दबिश दी। छापेमारी में पुलिस ने कमरे से 10 लोगों को पकड़ा। कार्रवाई के दौरान सभी लोगों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस घेराबंदी कर सभी को पकड़ने में कामयाब रही। ⏭ शेष पेज 13 पर

### वीआईपी रोड स्थित होटल में देर रात पुलिस की दबिश



**पकड़े गए जुआरी :** पकड़े गए युवकों में ऋत्विक भंसाली, पारस वाधवा, यश चावला, ऋषभ भंसाली, दर्शन मुलवानी, गौरव गोलछा, अक्षय सचदेव, पंकज चावला, निखिल जगताप, निखिल सिंघानिया पर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया हैं। वहीं होटल मालिक पर भी अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### होटल मालिक के खिलाफ भी केस

पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार जुआरियों के साथ होटल मालिक के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि होटल के कमरे में जुआ खेलते लोगों को पकड़ा गया है। ऐसे में इसके लिए कहीं न कहीं होटल मालिक भी जिम्मेदार है, इसलिए इस मामले में मालिक के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया गया है।

### एक घंटे में छोड़ दिया

ऐसी भी खबर है कि सभी आरोपी कारोबारी और रसूखदार परिवार से हैं, इसलिए छापेमारी के बाद पकड़े गए जुआरियों को एक घंटे के बाद छोड़ दिया गया। हालांकि पुलिस दावा कर रही है कि इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई है।




# खाली काटून भी भरेगा आबकारी का खजाना, 8 माह का ठेका हर महीने 15 लाख की कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आबकारी विभाग को हर महीने शराब बिक्री से राजस्व के रूप में करोड़ों रुपए की कमाई होती है, वहीं शराब के खाली काटून से भी विभाग का खजाना भरेगा। विभाग ने शराब दुकानों से निकलने वाले खाली काटून बिक्री के लिए टेंडर ⏭ शेष पेज 13 पर

### 4.2 पैसे प्रति की दर से ठेका

शराब दुकानों से निकलने वाला खाली काटून का ठेका 4.2 पैसा प्रति की दर से दिया गया है। इससे हर महीने विभाग को राजस्व के रूप में अच्छी आय होगी। ठेका 8 महीनों के लिए दिया गया है। इस बार ज्यादा कीमत पर ठेका गया है।

**- विकास गोस्वामी,** उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

### 4 महीने विलंब से गया टेंडर

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के शराब दुकानों से निकलने वाला खाली काटून को बेचने के लिए टेंडर निकाला था। इस टेंडर के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। इसका ठेका सबसे ऊंची बोली के अनुसार दिया गया है। बिलासपुर के किसी ठेकेदार को इसका ठेका मिला है। ठेकदार ने 4 रुपए 2 पैसे रुपए प्रति काटून की दर से बोली लगाई थी, जो अन्य ठेकेदारों की बोली की तुलना में सबसे ज्यादा थी।

### टेंडर निकालने में देर, एक टेंडर रद्द करना पड़ा

खाली काटून का ठेका वैसे अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक दिया जाना था, लेकिन विभाग द्वारा टेंडर निकालने में ही देर कर दी गई है। बताया जा रहा है कि विभाग द्वारा जुलाई में पहले इसके लिए टेंडर निकाला था, लेकिन किन्हीं कारणों से टेंडर रद्द करना पड़ा। इसके कारण अगस्त में दोबारा टेंडर निकाला गया।

# अस्पतालों में रहेगी डाक्टरों की सुरक्षा समिति, आगंतुकों के लिए सख्त पास नीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुरूप राज्य के मेडिकल कालेज, उससे संबंधित अस्पतालों में सुरक्षा के मद्देनजर वरिष्ठ डाक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा समिति का गठन किया जाएगा। इसके साथ मरीजों के अटेंडर और अन्य आगंतुकों के लिए सख्त पास नीति लागू की जाएगी। यौन उत्पीड़न के मामलों में अस्पताल आंतरिक समिति का गठन किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने इस मामले में तमाम मेडिकल कालेज तथा अस्पतालों को दिशा-निर्देश जारी कर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों के अधीक्षक मेडिकल कालेज डीन ⏭ शेष पेज 13 पर

■ मेडिकल कालेज अस्पतालों को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल डेका से सांसद बृजमोहन ने की मुलाकात

**रायपुर।** प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को राजभवन में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सौजन्य मुलाकात की और उन्हें बुके भेंट किया।

### कृषि मंत्री नई दिल्ली में ' एग्री पंचायत' कार्यक्रम में हुए शामिल




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित ' एग्री पंचायत ' कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां उन्होंने खेती से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए तकनीक आधारित कृषि पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था को देश के अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाए जाने की सलाह दी। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित रहे। श्री नेताम ने कहा, खेती-किसानी ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। कृषि के क्षेत्र में संपन्नता से ही छत्तीसगढ़ विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने में अपना योगदान दे सकेगा।

### निषाद बने मछुआ महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष



**रायपुर।** रायपुरा महादेवघाट स्थित निषाद समाज भवन में गत दिनों छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ कल्याण समिति का प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल हुए। इसके बाद फिर से एमआर निषाद को छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में समाज के मुख्य चुनाव अधिकारी मोतीलाल हिरवानी, सह-चुनाव अधिकारी गायत्री निषाद व झुमुकलाल निषाद का सहयोग रहा। उनके प्रदेशाध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त की। हर्ष व्यक्त करने वालों में राजेंद्र धीवर, सुखऊ राम निषाद, गणेश निषाद, दीप कैवर्त, अजीत नाविक, ज्योति निषाद, रामझूल धीवर, विजय आदित्य, लक्ष्मी केंवट, रामसागर निषाद, माधव निषाद, धनेश कैवर्त, रामेश्वर कैवर्त, विक्की केंवट व समाजजन शामिल हैं।

# विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने पूछा- क्षेत्रीय कार्यालयों में आधे से अधिक पद खाली क्यों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा की प्राक्लन समिति ने सवाल किया है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से संबद्ध क्षेत्रीय कार्यालयों में अधिकतर पद रिक्त रखे गए हैं? 50 प्रतिशत से अधिक पदों को रिक्त रखे जाने के कारण क्या हैं। दरअसल विधानसभा की प्राक्लन समिति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आय व्यय के प्राक्लनों का परीक्षण कर रही है। इस समिति के सवालों का जवाब भेजा गया था। बाद में समिति ने एक और पत्र जारी कर कई और सवाल किए हैं।

## नगरीय निकायों और सूडा को देना है जवाब

### नगरीय प्रशासन ने जारी किया आदेश

विधानसभा की प्राक्लन समिति का पत्र इस माह के पहले हफ्ते में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को मिलने के बाद संचालनालय ने इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण( सूडा) अपर संचालक, उप संचालक प्रशासन संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र जारी किया है। इसमें जानकारी दी गई है कि प्राक्लन समिति को 5 अगस्त 2019 को भेजी गई जानकारी पर विचार विमर्श के बाद बिंदुवार जानकारी चाही ई है। समिति द्वारा मांगी गई जानकारी शीघ्र बजट शाखा को देने कहा गया है।




### कितने शौचालय और गरीबों को दिए

विधानसभा की प्राक्लन समिति ने यह जानकारी भी मांगी है कि आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत विभागीय जानकारी के अनुसार वर्ष 2016-17, 2027-18, एवं 2018-19 में आयोजन मद के अंतर्गत ननगरीय निकायों के गरीब आदिवासियों के पेयजल, शौचालय तथा पक्का मकान उलब्ध कराने के संबंध में पिछले तीन साल की अवधि की निकायवार जानकारी के साथ कहा गया है कि शौचालय और पक्के मकान प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएं।

### कम खर्च क्यों हुआ

समिति ने पूछा है कि अनुसूचित जाति उपयोजना कार्यक्रम मद के अंतर्गत नगरीय निकायों के अनुसूचित जाति परिवारों को उनके अधोसंरना विकास जैसे सड़कों से संबंधित कार्य, पेयजल योजना, संबंधित कार्य राज्य शासन से विशिष्ट प्रयोजन ऋण प्राप्त कर नगरीय निकायों को उनके आय में वृद्धि करने के लिए ऋण स्वीकृत किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत पेयजल, शौचालय तथा पक्का मकान का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएं साथ ही वर्ष 2016-17 में कम व्यय का कारण स्पष्ट करें।

### गरीबों को सक्षम बनाने के लिए क्या किया

यह भी पूथा गया है कि पिछले तीन वर्ष 2016 से 2019 तक की अवधि में नगरीय निकायवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले कितने परिवारों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए किस प्रकार का लाभ दिया गया? साथ ही इन गरीबों को पेयजल, शौचालय, पक्का आवास दिए गए हैं। ऐसे लाभार्थियों की सूची भी मांगी गई है।

**रणनीति :** पीसीसी अध्यक्ष की सूची को जल्द मिलेगी हाईकमान की मंजूरी

# कांग्रेस संगठन में गुटबाजी खत्म करने होंगे बड़े बदलाव, जिले और ब्लॉक में दिखेंगे नए चेहरे

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन गुटबाजी खत्म करने बड़े बदलाव करने जा रहा है। संगठन में सभी रिक्त पदों को भरने के साथ नगरीय निकाय चुनाव और विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए सभी लोगों को एकजुट करने का प्रयास शुरू हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने एआईसीसी के नेताओं और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से चर्चा के बाद संगठन में जान फूंकने सूची हाईकमान को दे दी है। बताया जाता है कि जिला एवं ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ ही बदलाव का क्रम शुरू होगा।

प्रदेश अध्यक्ष की बागडोर संभालने के बाद दीपक बैज ने पुरानी कार्यकारिणी में कुछ परिवर्तन कर उसे आगे बढ़ाया था। विधानसभा और लोकसभा चुनाव को देखते हुए ज्यादा परिवर्तन नहीं किए गए थे। विधानसभा चुनाव के दौरान ही टिकट वितरण के बाद से ही आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, जो लोकसभा चुनाव तक चलता रहा। परिणाम यह हुआ कि पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। एआईसीसी ने




चुनावों में हार की समीक्षा के बाद जो सुझाव आए हैं, उनमें सबसे पहले संगठन को मजबूती देने का रहा। संगठन को मजबूती देने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को ऐसे पदाधिकारी जिनका काम ठीक नहीं, उन्हें बदलने और उनकी जगह नए लोगों को मौका देने कार्यसमिति से भी अनुमति मिल गई। अब हाईकमान के इस पर मुहर लगाते ही नए नाम सामने आएंगे। आने वाले दिनों में बदलाव देखने को मिलेगा।

### प्रदेश पदाधिकारी सहित कई पद रिक्त

प्रदेश कांग्रेस संगठन में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश महामंत्री, सचिव और जिला अध्यक्ष सहित कई पद रिक्त हैं। इन पदों पर नए लोगों को नियुक्त किया जाना है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार ये रिक्त पद कई समय से हैं। पहले भी इसे पूरा करने के प्रयास किए गए। सचिव के पद पर 50 से अधिक लोगों को हटाया जाएगा। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष और अन्य पदों पर नियुक्ति की जाएगी। बैज इसके माध्यम से अपनी कार्यकारिणी को नया रूप देने का प्रयास करेंगे। प्रदेश में नगरीय निकाय और विधानसभा उप चुनाव के पहले संगठन में नियुक्ति कर ली जाएगी।

### जिला और ब्लॉक से होगा बदलाव

प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में रहने के दौरान संगठन के साथ समन्वय को लेकर कई बार विवाद की स्थिति रही। चुनाव के दौरान जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों को तवज्जो नहीं मिली। इसके कारण पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष देखने में आया। अब इन बातों की समीक्षा कर जिला और ब्लॉक से ही बदलाव की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। प्रदेश प्रभारी ने साफ तौर पर कहा है कि जिन जिला अध्यक्षों का कार्यकाल 4-5 साल हो गया है, उन्हें हटाकर नए लोगों को मौका दिया जाए। ऐसे में यह सूची अगले माह के पहले सप्ताह तक आने की उम्मीद है।

## बढ़ते अपराध को लेकर रामनगर कबीर चौक पर आज धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ उपाध्याय बोले- निविदा हो चुकी रामनगर चौकी खोलने का काम विधायक ने रुकवाया

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, रायपुर राजधानी सहित पश्चिम विधानसभा में लगातार हत्या, लूट, डकैती, चोरी, चेन स्नैचिंग सहित जघन्य अपराध चरम सीमा पर हैं। वर्तमान सरकार एवं विधायक आंखों पर पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं। वहीं पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा रामनगर में पुलिस चौकी खोलने के लिए निविदा तक की प्रक्रिया हो चुकी थी, उसको तक विधायक अपनी हठधर्मिता के कारण शुरू नहीं होने दे रहे हैं। उसी के कारण जहां पर पुलिस चौकी खुलना था, हत्या जैसी घटना घट गई। बुधवार 28 अगस्त को इसके विरोध में एक दिवसीय धरना रामनगर कबीर चौक पर किया जाएगा। उपाध्याय ने कहा, पश्चिम विधानसभा में आपराधिक प्रकरणों में लगातार वृद्धि हो रही है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में लूट, चोरी, हत्या व बलात्कार के वारदात बढ़ रहे हैं एवं अंडरवर्ल्ड गैंग की भी छत्तीसगढ़ में एंट्री हो गई है। छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश को भाजपा की सरकार आग में झोंकने का काम कर रही है और जनता को गुमराह करने के लिए मुख्यमंत्री और उनके मंत्री, विधायक सोशल मीडिया में कहते फिर रहे हैं, हमने बनाया है हम ही संवारेंगे, जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि भाजपा ने बनाया तो नहीं, लेकिन छत्तीसगढ़ प्रदेश को बिगाड़ने का काम अवश्य कर रहे हैं।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 सितंबर तक

**रायपुर।** संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र के लिए 1 सितंबर से 30 सितंबर की अवधि में आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ नोटराइज्ड शपथ-पत्र संलग्न होना अनिवार्य है। प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला से मिली जानकारी के अनुसार, लेखा प्रशिक्षण सत्र नवंबर 2024 से फरवरी 2025 के लिए 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भेज सकते हैं। यह आवेदन शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला नगर घड़ी चौक रायपुर को 30 सितंबर 2024 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाना चाहिए।

## महंत ने की कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, आठ माह की भाजपा विष्णुदेव सरकार में लचर क़ानून व्यवस्था के कारण सामाजिक समरसता आपसी भाईचारे पर जबर्दस्त ठेस लगी है। प्रदेश भाजपा सरकार अपने राष्ट्रीय एजेंडे फूट डालो राज करो की नीति पर चल रही है।



■ भारतीय लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन मानवीय

बलौदाबाजार की घटना में जिस तरह समाज को समाज में बांटने की नाकाम साजिश की गयी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा में चूक, फिर उपद्रवियों द्वारा बदसलूकी धक्का-मुक्की पर कोई कार्रवाई न होना भाजपा सरकार की नीयत और कानून वयवस्था पर सवाल खड़ा करता है। दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अपराधी की तरह बर्ताव दौड़ा दौड़ा कर पीटा जाना ये कतई बर्दास्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, प्रदेश में लगातार विपक्षीय कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की जा रही है। सरकार का काम प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम रखने का है और वह ही इस तरह पेश आ रही है जो उचित नहीं है। सरकार के इस रवैये की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

## 24 डीएसपी को मिली नई पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने राज्य पुलिस सेवा संवर्ग के 24 अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि पूरी होने पर पदस्थापना आदेश जारी किया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में शुभम तिवारी डीएसपी सरगुजा को एसडीओपी अंतागढ़, सुमित गुप्ता डीएसपी रायपुर को एसडीओपी कोंटा, ठाकुर गौरव सिंह डीएसपी बिलासपुर को दंतेवाड़ा, कुलदीप बंजारे डीएसपी कांकेर को नारायणपुर, विशाल गर्ग डीएसपी बस्तर को बीजापुर, दीपक कुमार भगत डीएसपी बालोद को एसडीओपी नारायणपुर, बृजकिशोर यादव डीएसपी बेमेतरा को एसडीओपी बीजापुर, अमन लखीसरानी डीएसपी रायगढ़ को एसडीओपी बीजापुर, आकांक्षा पांडेय डीएपसी दुर्ग को दंतेवाड़ा, प्रतिभा लहरे डीएसपी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को कांकेर, रविकांत सहारे डीएसपी कोरिया को सुकमा, सुसंता लकड़ा डीएसपी बालौदाबाजार-भाटापारा को बस्तर, मोनिका श्याम डीएसपी महासमुंद को सुकमा, अमृता पैकरा डीएसपी कबीरधाम को नारायणपुर, नवीन कुमार एक्का डीएसपी राजनांदगांव को एसडीओपी बीजापुर, प्रवीण भारती डीएसपी गरियाबंद को एसडीओपी बस्तर, अविनाश कंवर डीएसपी कोरबा को नारायणपुर, संगम राम डीएसपी जांजगीर-चांपा को जगदलपुर, शरद कुमार जायसवाल डीएसपी माहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को बीजापुर, भानुप्रताप चंद्राकर डीएसपी जशपुर को बस्तर फाईटर सुकमा, विंकेश्वरी पिंदे डीएसपी धमतरी को कांकेर और चंद्रहास कटेंद्र डीएसपी सक्ती को बस्तर फाइटर बीजापुर पदस्थ किया गया है।

■ परिवीक्षाधीन डीएसपी को बस्तर संभाग भेजा गया

# 50 लाख का लक्ष्य पाने भाजपा को बनाने होंगे रोज एक लाख सदस्य

**6 सितंबर से बूथों में प्रारंभ होगा अभियान, 51 दिनों का मिलेगा समय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में प्रदेश भाजपा संगठन का लक्ष्य करीब 50 लाख सदस्यों का है। ऐसे में रोज एक लाख सदस्य बनाने होंगे, क्योंकि तीन चरणों में चलने वाले अभियान में संगठन को बमुश्किल 51 दिन मिलेंगे। यूं तो प्रदेश में तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पहला सदस्य बनाकर अभियान प्रारंभ हो जाएगा, लेकिन वास्तव में अभियान का आगाज तब होगा, जब बूथों में 6 सितंबर से सदस्यता प्रारंभ होगी। हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पूरे देश में नए सिरे से सदस्यता बनाने का अभियान तय किया है। इसके तहत ही प्रदेश संगठन ने अपने लिए जो लक्ष्य तय किया है, वह पुराने सदस्यों से करीब 50 फीसदी ज्यादा है। भाजपा के 32 लाख पुराने सदस्य हैं। इस सदस्य संख्या को 50 लाख तक ले जाने का लक्ष्य है। यानी करीब 18 लाख नए सदस्य बनाएं जाएंगे। नए पुराने सदस्यों को मिलाकर हर बूथ में जो 200 सदस्यों का लक्ष्य है, वह ज्यादा बड़ा नहीं माना जा रहा है। लेकिन जो समय है, वह उतना नहीं है जितना होना चाहिए।



### सबकी जिम्मेदारी तय

सदस्यता अभियान के लिए सबकी जिम्मेदारी तय कर दी गई है। एक तरफ जहां सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने हैं, वहीं विधायकों को भी 10-10 हजार सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। इसी के साथ प्रदेशभर के नगरीय निकायों के जन प्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाने हैं। भाजपा के सक्रिय सदस्य और हर कार्यकर्ता को भी सदस्य बनाने का काम करना है। ऐसे में भाजपा नेता मानते हैं कि 50 लाख सदस्य बनाने का काम आसानी से पूरा हो जाएगा। 50 लाख सदस्य तो बूथों में ही बन जाएंगे, जन प्रतिनिधि जो सदस्य बनाएंगे वो तो एक तरह से बोनस होगा और सदस्यों की संख्या इसकी वजह से 50 लाख के पार हो जाएगी।

### तीन चरणों में अभियान

सदस्यता अभियान तीन चरणों में होना है, पहला 3 सितंबर से 25 सितंबर, दूसरा चरण 1 से 16 अक्टूबर तक और अंतिम चरण 16 से 31 अक्टूबर तक का सक्रिय सदस्यों के लिए है। यानी सामान्य सदस्यों के लिए देखा जाए तो सितंबर में 20 दिन और अक्टूबर में 16 दिनों का समय मिलेगा। यानी कुल 36 दिनों में लक्ष्य तक जाना है। हालांकि 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यों के लिए समय तय है, लेकिन भाजपा नेताओं का कहना है कि इस समय में भी किसी को भी सदस्य बनाने पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी। ऐसे में माना जा रहा है कि करीब 51 दिनों का समय सदस्य बनाने के लिए मिल जाएगा। यानी हर दिन एक लाख सदस्य बनाने होंगे। सदस्यता अभियान से जुड़े भाजपा नेताओं का कहना है कि यह लक्ष्य और चुनौती ज्यादा बड़ी नहीं है। प्रदेश में 25 हजार बूथ हैं रोज एक बूथ में चार सदस्य बनाएंगे तो रोज एक लाख का लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। एक बूथ में चार सदस्य बनाना आसान होगा। वैसे जब अभियान का प्रारंभ होगा तो पहले ही जिन बहुत ज्यादा सदस्य बन जाएंगे।

**खेल कोच ने कहा- खिलाड़ियों को राशि दूसरे राज्यों से बेहद कम**

# खेल दिवस पर अलंकृत होंगे प्रदेश के 97 खिलाड़ी, मिलेंगे 76 लाख के पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार के साथ राशि जारी की जाएगी। विभाग ने मंगलवार शाम खिलाड़ियों के नाम की सूची जारी कर दी है, जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा 2021-22 व 2022-23 के लिए खिलाड़ियों को शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार समेत शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान व मुख्यमंत्री ट्रॉफी से अलंकृत किया जाएगा। विभाग के मुताबिक 97 पुरस्कार ग्राही खिलाड़ियों 76 लाख की पुरस्कार राशि मिलेगी। इसके अलावा पदक विजेता 502 खिलाड़ियों के बैंक खाते में 60.33 लाख जाएंगे। कुल खिलाड़ियों को 1 करोड़ 36 लाख 33 हजार जारी किए जाएंगे।कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री और खेल मंत्री की उपस्थिति में खिलाड़ी पुरस्कृत होंगे।




### 7 ओलिंपिक खिलाड़ी होंगे अलंकृत

इस बार शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार में वर्ष 21-22 के लिए चार खिलाड़ी और नॉन ओलंपिक खेल में 1 और पैरा स्टोट्स में 1 खिलाड़ी अलंकृत होंगे। इसके साथ ही शहीद कौशल यादव पुरस्कार वर्ष 2021-22 में तीन खिलाड़ी शामिल हैं। नॉन ओलिंपिक में 2 और पैरा स्पोर्ट्स में 1 खिलाड़ी है। 2021 से 2023 बीच मुख्यमंत्री ट्रॉफी के लिए 34 खिलाड़ियों को चयन किया गया है। लगातार दूसरा खेल अलंकरण होने से खिलाड़ियों में उत्साह है।

### दूसरे राज्यों की तुलना में राशि कम

खेल अलंकरण को लेकर राशि जारी होने के बाद हरिभूमि ने विभिन्न खेल कोच और खेल एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बातचीत की। खेल कोच संजय शुक्ला का कहना है कि सरकार और खेल विभाग के गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को देने वाली राशि बढ़ानी चाहिए। वर्तमान में छग के खिलाड़ियों को जो राशि मिलती है, यह दूसरे राज्यों से बेहद कम है। अन्य राज्य में सीनियर वर्ग में एक गोल्ड मेडलिस्ट में 50 हजार तक मिलते हैं, जो यहां 25 हजार है। जूनियर को 10 और सब जूनियर 5 हजार की राशि मिलती है।

### ओलिंपिक और नॉन ओलिंपिक का अलग हो ग्रेड

तीरंदाजी एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश मुरारका का कहना है कि खेल अलंकरण प्रतिवर्ष होने से खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ता है। विभाग को ओलिंपिक और नॉन ओलिंपिक खिलाड़ियों के लिए खेल अलंकरण के लिए अगल से ग्रेड तय करना चाहिए। वर्तमान में दोनों को एक ही तरह की राशि जारी होती है। ओलिंपिक खिलाड़ियों के लिए अलग से राशि का निर्धारण करना चाहिए था। ग्रेड अलग होने से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। यह भी एक तरह का सम्मान होगा।

# हामिद ने कहा- अडाणी को बचाने की हरसंभव कोशिश की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एआईसीसी प्रवक्ता हामिद हुसैन ने हिंडनबर्ग मामले में भाजपा को घेरते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजधर्म नहीं निभाने का आरोप लगाया। छग कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में मीडिया से बातचीत में श्री हुसैन ने कहा कि हम चाहते हैं, हिंडबनर्ग रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले की जांच जेपीसी से कराई जाए। साथ ही सेबी चीफ पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

कांग्रेस का आरोप है कि मोदी देश के लिए नहीं, बल्कि अडाणी के लिए काम कर रहे हैं। श्री हुसैन ने कहा कि 'मोदीजी नहीं, बल्कि अडाणी और अंबानी मिलकर सरकार चला रहे हैं। हमारी मांग है कि सेबी के चेयरमैन को पहले हटाना चाहिए। उनके खिलाफ जांच होनी चाहिए और एसआईटी गठित कर अडाणी के साथ मोदीजी के रिश्ते को लेकर जेपीसी से इसकी जांच करानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।




### हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर कांग्रेस का प्रदर्शन

हिंडनबर्ग मामले को लेकर कांग्रेस लगातार बीजेपी पर हमला कर रही है। इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन भी किया है। कांग्रेस ने कई राज्यों में ईडी दफ्तर का घेराव कर अपना विरोध भी जताया है। रायपुर में भी कांग्रेस ने ईडी दफ्तर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया था।

## खबर संक्षेप

### महिला विंग ने किया छात्राओं को जागरूक



**रायपुर।** डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में गत दिनों को पंजाबी महासंघ की महिला विंग ने छात्राओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बेटियों में मासिक धर्म के प्रति जागरूकता लाना तथा सामाजिक क्रांतियां को दूर करना था। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। छात्राओं को सैनिटरी नैपकिंस का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. जया जैन ने छात्राओं को इस पर रोचक जानकारियां दीं। इस कार्यक्रम में महिला विंग की महासचिव अनीता किंगर एवं सदस्य रेनू गुप्ता, रीता चोपड़ा, अलका मोदी, मीनू चंगा, सौम्या सेठी एवं अर्चना डोंगर, प्राचार्य प्रवीर कुमार चटर्जी, शिक्षक लोकपाल साहू, माधुरी बर्वे, उत्तम कुमार पवार, दीपक शर्मा, प्रेमलता नवरंगे, तारामुनि तिग्गा आदि उपस्थित थे।

## निधन

### उत्तम साहू



**रायपुर।** दूधाधारी मठपारा निवासी छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत उत्तम साहू (40) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक रामाधार साहू के पुत्र और अनीता साहू के पति थे। उनके निधन पर पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर एवं योग साधक रामदल संगठन ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### राजेंद्र जोशी



**रायपुर।** देवपुरी निवासी राजेंद्र जोशी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार हेमेश चेरियन के मामा, रामकुमार जोशी के बड़े भाई, पवन और कमल जोशी के पिता थे।

### गिरीश पुराणकर



**रायपुर।** पल्लवी विहार रोहिणीपुरम निवासी गिरीश पुराणकर (79) का 27 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 अगस्त को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे मंगला पुराणकर के पति और आशीष व अभिजीत के पिता थे।

# पीएम आवास में 1133 मकानों के लिए निगम को मिले 4500 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

अलग खबर

प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नगर निगम को चार गुना ज्यादा आवेदन मिल रहे हैं। 4 अलग-अलग लोकेशन पर मकानों के लिए 13 अगस्त तक आवेदन मंगाये गये। इसमें 1133 आवास के लिए 4500 आवेदन प्राप्त हुए। कचना, दलदलसिवनी, सोनडोंगरी और मठपुरैना में निर्मित बहुमंजिला आवास के लिए आवेदकों को टोकन जारी कर ऑनलाइन दस्तावेजों का परीक्षण कार्य इन दिनों किया जा रहा है।

राजधानी में नगर निगम द्वारा किरायेदारों को किफायती दर पर आवास उपलब्ध कराने मोर मकान मोर आस के ईडब्लूएस आवास आवंटन के लिए आवेदन मंगाये गये हैं। 4 लाख 75 हजार लागत के इस बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट में केन्द्र सरकार द्वारा 1.50 लाख रुपये की सब्सिडी हितग्राहियों को दी जा रही है। इस तरह 3 लाख 25 हजार रुपये से लेकर 3 लाख 38 हजार में पात्र हितग्राहियों को पक्का आवास उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कचना, दलदलसिवनी, सोनडोंगरी और मठपुरैना 1133 आवासों के लिए नगर निगम को 4500 आवेदन प्राप्त हुए।

## टोकन सिस्टम से एक दिन में 300 आवेदकों के दस्तावेजों का परीक्षण



### रोज 300 आवेदकों को टोकन ऑनलाइन दस्तावेजों का परीक्षण

4 अलग-अलग लोकेशन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 1133 ईडब्लूएस फ्लैट के आवंटन से पूर्व आवेदकों के दस्तावेजों का ऑनलाइन परीक्षण का कार्य गांधी सदन में शुरू हो गया है। इसके लिए प्रतिदिन 300 आवेदकों को टोकन जारी कर संबंधित दिवस पर सुबह 10:30 बजे से ऑनलाइन दस्तावेज परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को गांधी सदन स्थित सामान्य सभागार में पहुंचकर टोकन के आधार पर आवेदकों के ऑनलाइन दस्तावेज परीक्षण कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निगम आयुक्त ने निर्देश दिये हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवास के लिए आवेदन करने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस बात का ध्यान रखा जाये। उन्होंने दस्तावेज परीक्षण करवा रहे आवेदकों से भी चर्चा की।

### पीलिया पीड़ित 4 मरीजों का चल रहा उपचार, 30 से 40 के ब्लड सैंपल लिए

# आरडीए कॉलोनी में पीलिया मितानिन और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बोरियाखुर्द की आरडीए कॉलोनी में दूषित पानी का सेवन करने से दर्जनभर लोग पीलिया से पीड़ित हुए। इनमें से 4 मरीजों का उपचार चल रहा है। बाकी के ज्यादातर मरीज उपचार कराकर घर लौट गए हैं। पानी में कीड़े मिलने के बाद रहवासियों के साथ वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर ने आरडीए के अधिकारियों को इसकी शिकायत की, पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। बाद में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत के बाद कालोनी में मितानिन और स्वास्थ्य कर्मचारियों की मदद से कॉलोनी में सर्वे कराया गया और स्वास्थ्य जांच के लिए डॉक्टरों की टीम भेजकर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। निगम के जोन-10 की टीम ने गटर व चैंबर तथा नाली में ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव कराया है।

- पानी में कीड़े मिलने की शिकायत पर आरडीए ने नहीं दिया था ध्यान
- निगम टीम ने गटर और चैंबर में कराया ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव



### 100 घरों तक पहुंचे, कलेक्ट किए ब्लड सैंपल

बीएमओ डॉ. स्मृति देवांगन ने बताया कि बोरियाखुर्द कॉलोनी के 100 घरों में जाकर हमने विजिट की। 30 से 40 लोगों के ब्लड सैंपल लेकर जिला अस्पताल को जांच के लिए भेज दिए हैं। इसकी रिपोर्ट 2 से 3 दिन में आएगी। पीलिया के 4 से 5 मरीजों का उपचार चल रहा है। हमारी टीम ने उनकी स्वास्थ्य जांच की है। दर्जनभर पीलिया से पीड़ित मरीज मिलने की जानकारी मिली थी। इनमें से ज्यादातर मरीज ठीक हो चुके हैं। शनिवार से स्वास्थ्य विभाग ने नगर निगम जोन-10 की टीम के साथ मिलकर स्वास्थ्य शिविर लगाया है। जहां मितानिन और स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी कॉलोनीवासियों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं।

### कॉलोनी में 1800 रहवासी पानी उबालकर पीने की सलाह

बोरियाखुर्द की आरडीए कॉलोनी में सीवरेज का गंदा पानी नलों में रिसकर आने की संभावना को देखते हुए डॉक्टरों ने कालोनीवासियों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी है। इसके साथ ही लोगों के घरों, आरडीए की पानी टंकी और संपवेल से पानी के सैंपल लेकर नगर निगम ने फिल्टर प्लांट में जांच के लिए भेजा है। जांच रिपोर्ट एक-दो दिन में आने की संभावना है। बोरियाखुर्द कॉलोनी की आरडीए कॉलोनी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में स्कूली बच्चों सहित कॉलोनी के रहवासियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

### ये अधिकारी पहुंचे मौके पर

स्वास्थ्य शिविर में बीएमओ डॉ. स्मृति देवांगन, डॉ. रविशंकर शुक्ला, डॉ. नेहा राठी, एएनएम संगीता डोंगरे एवं सीएमएचओ के स्टाफ सहित नगर निगम के जोन-10 के स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव सहित महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं का सहयोग रहा। आरडीए कॉलोनी बोरियाखुर्द के गटर, चेंबर एवं नाली में नगर निगम जोन-10 की टीम ने जनस्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया।

# थाने के पास चल रहा था अवैध शराब बिक्री का कारोबार महिला सहित दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। शराब के अवैध कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें पुलिस का खौफ नहीं है, इसलिए अब थाना के आसपास शराब की अवैध बिक्री करने से डर नहीं है। मौदहापारा पुलिस ने ऐसे ही एक मामले में मंगलवार को कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गोवा ब्रांड की 55 पौवा अंग्रेजी शराब एवं नकदी राशि जब्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 अगस्त को एंटी क्राइम साइबर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना के पीछे मौदहापारा क्षेत्र में एक कबाड़ी दुकान के पास दो लोग अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इस सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर एक महिला और एक पुरुष को शराब बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से गोवा ब्रांड की 55 अंग्रेजी पौवा शराब की बोतल एवं शराब बिक्री के 56 हजार 140 रुपए बरामद किया है। गिरफ्तार महिला सुल्ताना बेगम 43 वर्ष एवं पुरुष अल्ताफ खान 27 वर्ष तालाब पार मौदहापारा के ही निवासी हैं। दोनों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### कई महीनों से चल रहा था अवैध शराब बिक्री का कारोबार

सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार महिला और पुरुष मौदहापारा में अवैध शराब बिक्री का कारोबार कई महीनों से चला रहे थे। इसके बावजूद मौदहापारा पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। सूत्रों के अनुसार मौदहापारा थाना क्षेत्र में कई जगहों पर अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ सहित कई तरह की अपराधिक घटनाएं पूर्व में भी सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद पुलिस द्वारा इस क्षेत्र में सक्रियता बरती नहीं जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप थाने के पास ही अवैध शराब का कारोबार पिछले कई महीनों से चल रहा था।

# रेस्टारेंट में मिली गंदगी, निगम ने ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की टीम ने मंगलवार को नगरघड़ी चौक के पास स्थित अमृतसरी रेस्टारेंट का आकस्मिक निरीक्षण किया। रेस्टारेंट में गंदगी पाये जाने पर टीम ने संचालक पर 3 हजार रुपये जुर्माना किया। नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित शहीद वीरनारायण सिंह व्यावसायिक परिसर में अमृतसरी रेस्टारेंट में सफाई को लेकर जन शिकायत मिलने पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति में स्पॉट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रेस्टारेंट में गंदगी की शिकायत सही पायी गयी। स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर रेस्टारेंट संचालक पर 3 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

### नाली पर कब्जा कर अवैध बाथरूम, निगम ने तोड़ा



जोन 3 के राजातालाब गली नंबर 3 में सार्वजनिक नाली पर अवैध कब्जा कर 50 वर्गफीट में अवैध बाथरूम के निर्माण को जन शिकायत मिलने पर निगम अमले ने तोड़ने की कार्रवाई की। नगर निवेश की टीम ने श्रमिकों की सहायता से सार्वजनिक नाली को कब्जा मुक्त कराने तत्परता दिखाई।

## पेज 11 के शेष

### गजब का मैनेजमेंट...

मांग भी छात्र संगठनों द्वारा समय-समय पर की जाती रही है। इतनी अधिक मांग होने के बाद भी रविवि ने पेमेंट सीट के लिए राशि मात्र 5 हजार रुपए ही निर्धारित की है।

### 50 हजार से...

पाठ्यक्रमों में पेमेंट कोटे की सीटों की फीस 50 हजार से एक लाख रुपए तक होती है, जबकि रविवि ने यह राशि मात्र 5 हजार रुपए ही तय की है।

बीई की 11 हजार...

2 हजार 453 आवेदन मिले, लेकिन प्रवेश सिर्फ 1 हजार 548 छात्रों ने ही लिए। डिप्लोमा इन मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट की 265 सीटों में से 117 सीटें भर सकी हैं। इसके लिए 169 आवेदन मिले थे।

### होटल के कमरे में...

कार्रवाई के दौरान कमरे से ताशपत्ती और दांव पर लगाए गए एक लाख 98 हजार 150 रुपए जब्त किए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4, 5, 36 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### खाली काटून भी...

निकाला था। यह टेंडर 4 रुपए 2 पैसे प्रति काटून की दर से दिया गया है। पिछले वर्ष 3 रुपए 11 पैसे प्रति की दर से टेंडर दिया गया था। इस तरह इस वर्ष 1 रुपए 9 पैसे अधिक कीमत पर टेंडर गया है। इससे विभाग को हर महीने 15 लाख रुपए या उससे भी ज्यादा कमाई होने का अनुमान है।

**दुकानों से प्रति माह औसतन साढ़े तीन लाख से अधिक निकलते हैं खाली काटून-** जिले में हर महीने शराब दुकानों से साढ़े तीन लाख से अधिक अलग-अलग साइज के काटून निकलते हैं। इनमें छोटी-बड़ी शराब के साथ बीयर की बोतलों के खाली काटून शामिल हैं। खाली काटून की साइज जरूर अलग-अलग हैं, लेकिन ठेका प्रति कार्टून 4.2 पैसे दर से ही दिया गया है।

**सवा करोड़ कमाई का अनुमान-** विभाग खाली काटून के ठेके से 8 महीने में सवा करोड़ रुपए की कमाई का अनुमान लगा रहा है। इस तरह प्रति माह 15 लाख रुपए या उससे अधिक का राजस्व विभाग को मिल सकता है।

### अस्पतालों में रहेगी...

को कहा गया है कि स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए न्याय संहिता, दंडात्मक जुर्माने का विवरण अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रमुख स्थान पर किया जाए। उचित सुरक्षा उपायों की रणनीति बनाने वरिष्ठ चिकित्सकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की अस्पताल सुरक्षा और हिंसा रोकथाम समिति का गठन किया जाए। मरीज के परिजनों एवं अन्य के लिए सख्त पास नीति लागू की जाए। नाइट ड्यूटी के दौरान हास्टलों एवं अन्य स्थानों पर रेसीडेंट डॉक्टर, नर्सों की सुरक्षित आवाजाही की व्यवस्था हो। नजदीकी पुलिस स्टेशन के साथ सीधा संपर्क हो, अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे की संख्या बढ़ाने और उन्हें एक्टिव रखने के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किए जाएं।

# भगवान झूलेलाल को पाने का सबसे सरल तरीका है व्रत और उपवास



**रायपुर।** सिंधी समाज द्वारा मनाए जा रहे चालीहा महोत्सव के समापन अवसर पर अहमदाबाद के साईं सेहरावाले का मंगलवार को नगर आगमन हुआ। इसी दौरान समाजजनों ने साईंजी का भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद साईंजी ने सिंधी धर्मशाला तेलीबांधा में अपने सत्संग के दौरान कहा कि भगवान झूलेलालजी का अवतरण मानव सेवा व जीवों के कल्याण के लिए हुआ था, इसीलिए अगर आपको भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त करना है तो मूक जीवों की सेवा तथा मानव सेवा को ही एकमात्र लक्ष्य बनाकर रखें। भगवान झूलेलाल को पाने का सबसे सरल तरीका है, चालीसा महोत्सव के दौरान किए जा रहा व्रत और उपवास में आप जो भी मन्नत मांगेंगे, वह मन्नत आपकी जरूर पूरी होगी। उन्होंने बताया कि भगवान झूलेलाल 40 दिन के जप-तप के बाद ही प्रसन्न हुए और अवतार लिया तो आपके जीवन में भी जो दुख हैं, वह 40 दिन के व्रत-उपवास के बाद अवश्य दूर होंगे। साथ ही सेवा को भी अपने जीवन में उतारें तथा गरीबों, दीन-दुखियों, मूक जानवरों तथा गोमाता की सेवा अवश्य करनी चाहिए, इससे भगवान झूलेलाल प्रसन्न होते हैं व उनका आशीर्वाद जीवन में प्राप्त होता है। इस मौके पर सेवादारी महेश रोहरा, मुकेश थवानी, सुभाष बजाज और तनेश आहूजा ने बताया कि 28 अगस्त की शाम तेलीबांधा गली नंबर 2 से भव्य जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें 151 आस की मटकी ज्योत व बहराणे साहब की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

- सिंधी धर्मशाला में हुआ सत्संग, आज निकलेगा भव्य जुलूस

# साइबर एक्सपर्ट एवं साफ्टवेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर के दफ्तर में चोरी, नकदी सहित ढाई लाख के सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने साइबर एक्सपर्ट और जैन साफ्टवेयर फाउंडेशन के दफ्तर को भी नहीं छोड़ा। रविवार की दरम्यानी रात को चोरों ने दफ्तर का ताला तोड़कर एक लाख 95 हजार रुपए सहित ढाई लाख के सामान चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट मौदहापारा थाने में दर्ज कराई गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार न्यू राजेंद्र नगर निवासी साहेल जैन साइबर एक्सपर्ट तथा जैन साफ्टवेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर हैं। उनका जयराम काम्पलेक्स के प्रथम तल में मुख्य ऑफिस है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को दोपहर करीब पौने तीन बजे दफ्तर में कार्यरत लितेश सिंह ताला लगाने के बाद घर चला गया। दूसरे दिन 26 अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे जब वह वापस दफ्तर खोलने पहुंचा, तो ताला टूटा और कांच टूटा पाया। इसकी जानकारी लितेश ने फोन पर साहेल जैन को दी। उन्होंने जब दफ्तर पहुंचकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था तथा दफ्तर में रखे नकदी 1 लाख 95 हजार रुपए के साथ तीन लैपटाप, प्रिंटर एवं तीन मोबाइल भी गायब थे। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)

वाद क्रमांक 98/23

प्रो.क्र.- 64/2024 पेशी दिनांक-04/10/24

न्यायालय-श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी दुर्ग

आवेदक हुमा सदिया, अनावेदक -अनस अली बनाम अनस अली 31 वर्ष आत्मज अक्बर अली पेशा-फोनिक्स इन और सुप्रीम डीलक्स होटल के मालिक पता इस्ट 12 सी. 104 वी आई पी रोड भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप के पास रायपुर (छ.ग.)

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध धारा-12 सहपठित धारा 17, 18, 19, 20, 21, 22 वास्ते अनुतोष दिलाये जाने बाबत घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधि. 2005 का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 4 माह 10 सन् 2024 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर / अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो बाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 27/08/24 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

श्वेता पटेल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार शाजीदा खातून, पति- मोहनीश खान निवासी- डूमरतालाब, मोहबा बाजार, टाटीबंध रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता नीतूदेवी पति- श्री अशोक कुमार, निवासी- टिकरापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाले के हक हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो वाके जो मौजा- मठपुरैना, प.ह.नं. - 00061, रा.नि.म.- रायपुर-14-बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 258/28, रकबा 0.0110 हे. याने 1200 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिये है, बैनामा पंजीयन शेष है।

इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस पश्चात मेरे पक्षकार अपने नाम या अपने द्वारा नामित व्यक्ति के नाम पर बैनामा पंजीयन करायेगें।

उक्त संव्यहार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तिय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करे बाद मियाद अवधि ली गई दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकारो पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी। "सो सूचना जाने"

रायपुर छ.ग.
दिनांक 27/08/24

भवदीय
कुणाल फरिकार (अधिवक्ता)
श्रीराम मंदिर के पास कंकाली पारा
रायपुर, तहसील व जिला रायपुर
छ.ग., मो. नं. -98266 74118

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विजय खत्री (VIJAY KHATRI) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम विजय कुमार खत्री (VIJAY KUMAR KHATRI) रख लिया है। अत: आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम विजय कुमार खत्री पिता किशन चंद खत्री के नाम से जाना व पहचाना व पढ़ा जावे।

VIJAY KUMAR KHATRI
S/o Kishan Chand Khatri
Maruti Residency, Mahaveer Nagar, Raipur (C.G.)

### न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::

प्रकरण क्रमांक 202408111000024/ब-113 (1)
वर्ष 2023-24
क्रमांक/674/अ.वि.अ./पं.सा.न्या./2024

रायपुर, दिनांक 06.08.2023

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. मेधेश तिवारी पिता श्री अम्बिका प्रसाद तिवारी सचिव, बाल समाज सोसायटी ट्रस्ट निवासी- म.नं.- 47/445, लाखे नगर मार्ग, ब्राम्हणपारा, रायपुर रायपुर (छ.ग.) द्वारा 'बाल समाज सोसायटी ट्रस्ट' पता- पुस्तकालय भवन, ब्राम्हणपारा, रायपुर (छ.ग.) का छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 04 (2) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई सम्पत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए है :-

:: अनुसूची ::
(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता और सम्पत्ति का विवरण)

| | |
|---|---|
| 1. पब्लिक ट्रस्ट का नाम - एवं पता | 'बाल समाज सोसायटी ट्रस्ट' पुस्तकालय भवन, ब्राम्हणपारा रायपुर (छ.ग.) |
| 2. चल सम्पत्ति - | राशि रूपये -(1) 2,68,130.08/- (नागरिक सहकारी बैंक) (2) 20,620.32/- (नकद राशि) कुल 2,88,750/- (अक्षरी- दो लाख अट्ठासी हजार सात सौ पचास) |
| 3. अचल सम्पत्ति - | ग्राम- रायपुर खास, प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर स्थित आबादी भूमि ख.नं. 946 का भाग, रकबा 1960 एवं 2540 वर्गफुट |

यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में अभिरूचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वत: या अपने अधिवक्ता अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए गए आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 06.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(नंदकुमार चौबे) पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर




### RIMS COLLEGE OF NURSING
### BHANSOJ ROAD GRAM-GODHI, RAIPUR

Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Nava Raipur

**Application are invited for following posts under Statue - 16**

| S. No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 1 | Professor | 02 | **Essential Qualification**:- M.Sc.(N) **Experience**:- M.Sc. (N) Total 12 years experience with M.Sc. (N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N) Ph.D. (N) is desirable. |
| 2 | Associate Professor/ Reader | 03 | **Essential Qualification**:- M.Sc.(N) **Experience**:- Total 8 years experience with M.Sc.(N) including 5 years teaching experience Ph.D. (N) is desirable. |
| 3 | Assistant Professor/ Lecturer | 06 | **Essential Qualification**:- M.Sc. (N) **Experience**:- M.Sc. (N) with total 3 years teaching experience Ph. D. (N) desirable. |

**Other terms & conditions :-**
1. Experience :- As per Council Norms
2. Pay Scale :- As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation :- As per State Government Norms

**Selection criteria** :- Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
*Number of paper publications in various national/ international journals.
* Paper presentation in conferences.
* Total No. of conferences attended.

**Last date of receipt of Application**:- Within 15 Days from the date of publication of advertisement.

**खबर संक्षेप**



### रेप मामले में फरार आरोपी उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार

**रायपुर।** रेप के मामले में फरार आरोपी को पंडरी पुलिस ने उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी चुन्नू उर्फ चंद्रकांत चंद्राकर ग्राम सुमहारी थाना कोतवाली पुरवा जिला उन्नाव उत्तरप्रदेश का निवासी है। आरोपी पर एक नाबालिग लड़की के साथ रेप करने का आरोप है। घटना की रिपोर्ट पीड़िता द्वारा थाने में दर्ज कराने के बाद पुलिस उसे तलाश कर रही थी। इधर आरोपी पुलिस से बचने अपने उत्तरप्रदेश स्थित गांव में जाकर छिपा हुआ था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को रवाना किया गया था। आरोपी को धारा 363,376, 376(2)ढ भादवि, 4,6 पाक्सो एक्ट के मामले में गिरफ्तार करने के बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाया गया है। रायपुर के न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### शादी का प्रलोभन देकर अनाचार, केस दर्ज

**रायपुर।** शादी का प्रलोभन देकर एक युवती से अनाचार करने के मामले में कबीर नगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिव्यांशु शेखर स्वेन नामक व्यक्ति ने पहले उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ लगातार कई दिनों तक अनाचार करता रहा। इस दौरान पीड़िता ने जब शादी करने के लिए दबाव बनाया तो उसने शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

### सूने मकान में धावा डेढ़ लाख की चोरी

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने मकान में चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी हरीश कुमार जांगड़े ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कचना स्थित हरींग कोठारी कॉलोनी में उसका मकान है। 23 अगस्त को शाम 6 बजे उसका पूरा परिवार ग्राम नेवारी कवर्धा गया हुआ था। 26 अगस्त शाम को जब वे वापस लौटे तो उसके मकान का ताला कुंडी सहित टूटा पाया। घर के दोनों रूम में बेड पर सामान बिखरा पड़ा था तथा एक आलमारी में रखे सोने के जेवर में दो चेन, एक लॉकेट, एक जोड़ी बाली, चांदी के पाजेब, 13 नग सिक्के, 3 कटोरी, 2 गिलास एवं दूसरी आलमारी से नकदी 12 हजार रुपए कुल जुमला डेढ़ लाख रुपए चोरी हो चुके थे। पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है।

### कृषि अभियंताओं का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में 'सतत विकास के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हेतु कृषि अभियंताओं का योगदान' विषय पर 29 से 30 अगस्त 2024 को कृषि अभियंताओं का 36वां राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन सह संगोष्ठी का शुभारंभ 29 अगस्त को सवेरे 10.45 बजे नवीन सभागृह (कृषक सभागार) में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे।

# सैटेलाइट सिटी से छत्तीसगढ़ टूरिज्म को मिल रही पहचान, पर्यटन स्थल ढूंढना हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सौंदर्य व धार्मिक स्थल पूरे देश में प्रसिद्ध हैं, छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावना भी है। इसी संभावना को देखते हुए रेलवे मंत्रालय के निर्देश पर एसईसीआर जोन ने आईआरसीटीसी व रेलवे की अन्य वेबसाइट पर सैटेलाइट सिटी से प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ा है। सैटेलाइट सिटी से छत्तीसगढ़ टूरिज्म को नई पहचान तो मिल ही रही है, साथ ही स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी बढ़े हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सैटेलाइट सिटी से स्टेशन का नाम डालते ही पर्यटन स्थलों की जानकारी मिलेगी। आईआरसीटी की सहायता से सस्ते पैकेज पर भी इन जगहों पर पहुंचा जा सकता है। यह सब जानकारी रेलवे मंत्रालय ने सैटेलाइट सिटी में उलब्ध कराई है।एसईसीआर जोन ने सैटेलाइट सिटी में जोन के 35 पर्यटन स्थल की डिटेल वेबसाइट पर उपलब्ध कराई है। रेलवे की इस पहल से छोटे शहर को नई पहचान मिल रही है। पर्यटन की संभावना को सैलानियों को लुभाने के लिए स्टेशनों का कायाकल्प भी किया जा रहा है। रेलवे के इस नवाचार से पर्यटन स्थल के नाम से क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों की भी पहचान बनेगी।

## एसईसीआर जोन में 13 पर्यटन व धार्मिक स्थल 35 रेलवे स्टेशनों से काफी नजदीक

### पर्यटन स्थल का रेलवे स्टेशन खोजने में आसानी

*एसईसीआर जोन में 13 पर्यटन व धार्मिक स्थल ऐसे हैं, जो 35 रेलवे स्टेशनों से काफी नजदीक हैं। अमरकंटक, अचानकमार, रतनपुर, मल्हार जाने वाले सैलानियों के लिए बिलासपुर रेलवे स्टेशन व उसलापुर स्टेशन से सैटेलाइट सिटी से जोड़ा गया है। इन पर्यटन स्थल का नाम डालने पर रेलवे व आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर सैटेलाइट सिटी बिलासपुर व उसलापुर रेलवे स्टेशन का नाम दिखाने लगता है। अनूपपुर व पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन का नाम अमरकंटक सर्च करने पर सैटेलाइट सिटी से सैलानियों को दिखाएगा।*



**जोन के यह स्टेशन जुड़े सैटेलाइट सिटी से**

- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, उसलापुर रेलवे स्टेशन
- अनूपपुर, पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन
- जबलपुर रेलवे स्टेशन को गौरीघाट व बरगी रेलवे स्टेशन
- नागपुर रेलवे स्टेशन को इतवारी, कामठी व कनहन
- झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन से बृजराजनगर व बेलपहाड़
- दुर्ग, भिलाई पावर हाउस व भिलाई रेलवे स्टेशन
- रायगढ़ व खरसिया रेलवे स्टेशन
- अम्बिकापुर, विश्रामपुर व बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन
- बल्लारशाह, चंदिया फोर्ट स्टेशन
- गोंदिया, बालाघाट, तुमसार रोड, आमगांव, तीरोरा रेलवे स्टेशन
- नैनपुर, मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन
- छिंदवाड़ा, सियोनी रेलवे स्टेशन
- कटनी, उमरिया रेलवे स्टेशन
- चांपा, अकलतरा, जांजगीर नैला व कोरबा रेलवे स्टेशन

## फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट पत्र आया, मगर जांच के लिए नहीं पहुंचा कोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट के मामले में संदेहियों की जांच के लिए आंबेडकर अस्पताल के मेडिकल बोर्ड के पास पत्र तो पहुंचा, मगर जांच के लिए कोई नहीं आया। आज मुंगेली के पांच शिक्षकों को बोर्ड के सामने अपनी दिव्यागंता साबित करनी थी। महाराष्ट्र में आईएएस के फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट मामले का खुलासा होने के बाद प्रदेश में भी इस तरह के मामलों की जांच की जा रही है।

इसी कड़ी में मुंगेली के पांच शिक्षकों के प्रमाणपत्र और उनकी दिव्यांगता के मामले में जांच के आदेश हुए थे। इन शिक्षकों को मंगलवार को आंबेडकर अस्पताल में राज्य मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना था। इस मामले में अस्पताल अधीक्षक कार्यालय में जांच संबंधी पत्र तो पहुंचा, मगर जांच के लिए कोई नहीं आया। संभवतः अब प्रकरण को जांच के लिए सितंबर के प्रथम सप्ताह में होने वाली बैठक में रखा जाएगा।

### 2019 के बाद की नियुक्ति की जांच

राज्य में वर्ष 2019 के बाद शासकीय पदों पर दिव्यांग प्रमाणपत्र के सहारे नियुक्ति पाने वालों की जांच के आदेश हुए थे। राज्य मेडिकल बोर्ड से जुड़े चिकित्सक का कहना है कि जांच के लिए कोई नहीं आता है। विभागीय स्तर पर ऐसे लोगों के दस्तावेज उपलब्ध कराने चाहिए और फिर संबंधित शख्स को जांच के लिए भेजना चाहिए। अभी गिनती के लोग जांच कराने पहुंचते हैं, उनके पास अपने प्रमाणपत्र होते हैं। इससे यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि शासकीय सेवा पाने के लिए उसने किस दिव्यांगता को आधार बनाया है।

### महंगाई : 5 से 15 रुपए तक बढ़ गए दाम

# त्योहारी सीजन से पहले खाद्य तेलों में महंगाई का उबाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महंगाई है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। अब त्योहारी सीजन के प्रारंभ होने से पहले खाद्य तेलों में महंगाई का उबाल आ गया है। 5 से 15 रुपए प्रति लीटर पर दाम बढ़ गए हैं। हालांकि ये दाम चिल्हर में बढ़े हैं, लेकिन थोक में भी दो से 5 रुपए तक दाम बढ़े हैं। यही वजह है कि चिल्हर कारोबारियों ने मौके का फायदा उठाते हुए अपने दाम हमेशा की तरह कुछ ज्यादा बढ़ाने का काम किया है। वैसे देखा जाए तो इस समय खाद्य तेलों के दाम फिर भी बीते साल से ज्यादा नियंत्रण में हैं और कम हैं। खाद्य तेलों के दाम कोरोना काल के बाद बेलगाम हो गए थे, लेकिन बीते साल से इनकी कीमत पर अंकुश लगाने का काम हुआ है। वरना जो सोया तेल कोरोना काल पहले 75 से 80 रुपए लीटर तक बिकता था, वह 160 रुपए तक चला गया था। इसी के साथ बाकी तेलों के दाम भी आसमान पर चले गए थे। सरसों तेल की कीमत तो पहली बार दोहरे शतक तक गई थी। इसी के साथ फल्ली तेल भी दो सौ के पार हो गया था। लेकिन अब कीमत पर कुछ लगाम है।

### सोया, राइस ब्रान सौ के पार

खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा बिकने वाले सोया और राइस ब्रान तेल की बात करें तो इसकी कीमत एक माह पहले तक सौ रुपए से कम थी। सोया तेल और राइस ब्रान थोक में 90 रुपए के आस-पास और चिल्हर में 95 से 98 रुपए में बिक रहा था। लेकिन अब इसकी कीमत त्योहारी सीजन प्रारंभ होने से पहले बढ़ गई है। अब सोया तेल जहां थोक में सौ के पार हो गया है, वहीं चिल्हर में इसकी कीमत 110 रुपए तक हो गई है। इसी तरह से राइस ब्रान तेल थोक में 103 और चिल्हर में 110 रुपए हो गया है। अन्य खाद्य तेलों की कीमत में भी इजाफा हुआ है। फल्ली तेल थोक में 178 से 182 रुपए और चिल्हर में 190 से 195 रुपए हो गया है। सरसों तेल थोक में 140 और चिल्हर में 150 रुपए हो गया है। पाम आइल की कीमत ज्यादा बढ़ी है। यह थोक में 165 और चिल्हर में 180 रुपए हो गया है। कीमत बढ़ने का कारण कारोबारी मानसून के असर को बताते हैं। इनका कहना है मानसून में आवक कम हो जाती है और भाड़ा भी बढ़ ज्यादा है, जिसके कारण थोक में दो से पांच रुपए दाम बढ़ जाते हैं। अब यह बात अलग है कि चिल्हर कारोबारी इसका फायदा उठाकर अपना मुनाफा ज्यादा बढ़ा देते हैं।

## युक्तियुक्तकरण के विरोध में मुख्य सचिव और शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले मंगलवार को युक्तियुकरण के विरोध में फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव और शिक्षा सचिव ज्ञापन सौंपा। इसमें यह अल्टीमेटम दिया गया है कि मांग पूरी नहीं होने पर 16 सितंबर को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली जायेगी। फेडरेशन के हस्तक्षेप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बुधवार को डीपीआई और शिक्षा सचिव के साथ बैठक होगी। प्रदेश के शैक्षणिक संगठनों द्वारा प्राथमिक शाला को माध्यमिक शाला में और प्राथमिक, माध्यमिक शाला को हाईस्कूल में मर्ज करने के फैसले का विरोध करते हुए प्रदेशभर के शिक्षक लामबंद हो गये हैं।

### संचालक लोक शिक्षण के साथ आज बैठक

मंगलवार को युक्तियुक्त के विरोध में मुख्य सचिव और शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपने के तत्काल बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर युक्तियुक्तकरण को लेकर 28 अगस्त दोपहर 3 बजे संचालक लोक शिक्षण संचालनालय दिव्या मिश्रा के साथ बैठक होगी। इसके बाद सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी के साथ चर्चा होगी।

## श्री रामलला दर्शन योजना 850 श्रद्धालु अयोध्या रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर शुरू की गई श्री रामलला दर्शन योजना के तहत चलाई जा रही विशेष ट्रेन मंगलवार रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-7 से रवाना हुई। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। श्रद्धालु भगवान राम की जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में श्री रामलला के दर्शन को जा रहे हैं। इस दौरान विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक रंजना डीपेन्द्र साहू, नन्दे साहू, पूर्व अध्यक्ष सीएसआईडीसी छगनलाल मुंदड़ा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। रामलला दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरुआत की है।

### अयोध्या दर्शन के लिए जत्था रवाना



रायपुर शहर के 20 माताओं को अयोध्यापति राजा रामजी दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दुबेलिया तेली साहू समाज के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष राधा विजय साहू, सचिव सविता चंद्रकांत साहू, कोषाध्यक्ष उमा सीताराम साहू और रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रयासों से 20 माताओं का एक जत्था सहित 32 लोगों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मंगलवार को निशुल्क यात्रा के साथ नास्ता, भोजन और ठहरने की व्यवस्था सहित रायपुर से अयोध्या श्रीराम मंदिर अयोध्याधाम प्रभु श्रीराम चंद्रजी के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन से रवाना किया गया।

## नर्सिंग काउंसिल ने कहा-सितंबर तक पूर्ण करें दाखिले, व्यापम परिणाम जारी करना ही भूल बैठा

### बीते वर्ष भी निर्मित हुई थी यही स्थिति, खत लिखकर बढ़वानी पड़ी थी तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम में होने हैं दाखिले

इंडियन नर्सिंग काउंसिल के खत ने प्रदेश के नर्सिंग महाविद्यालयों की चिंता बढ़ा दी है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने महाविद्यालयों से कहा है कि वे अपने संस्थानों में प्रवेश प्रक्रियाएं सितंबर अंत तक पूर्ण कर लें। नर्सिंग पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों का संचालन होता है। इसमें दाखिले व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर दिए जाते हैं। व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने अब तक इन प्रवेश परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा नहीं की है। ऐसे में महाविद्यालय असमंजस में हैं कि उनके द्वारा किस आधार पर प्रवेश दिए जाएं। बीते वर्ष भी यही स्थिति निर्मित हुई थी। उस वक्त इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा तय तिथि तक काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी थी। व्यापम द्वारा विलंब से परिणाम



जारी किए जाने के कारण शैक्षणिक सत्र 2023-24 में भी सीटें नहीं भरी जा सकी थी। इसके बाद नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन द्वारा खत लिखकर तिथि बढ़ाए जाने की मांग की गई थी। रिक्त सीटों की स्थिति को देखते हुए नर्सिंग कउंसिल ने सीटें बढ़ाने की अनुमति प्रदान की थी।

**राष्ट्रीय एजेंसियां बेहतर**

नीट पीजी के परिणाम कुछ दिनों के अंतराल में ही घोषित हो गए, जबकि उसमें लाखों की संख्या में छात्र शामिल हुए थे। व्यापम दो माह भी परिणाम घोषित नहीं कर पा रहा है। कोई हमारी समस्या नहीं समझ रहा है।

**- राजीव गुप्ता,** कोषाध्यक्ष, बीएड कॉलेज

### बीएड के लिए 2.53 लाख ने किया था आवेदन

*ना सिर्फ नर्सिंग बल्कि बीएड और डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम जारी होने का भी इंतजार छात्र लंबे समय से कर रहे हैं। प्रदेश में बीएड की 14 हजार 600 सीटें हैं। इसी तरह से डीएलएड की 7 हजार 400 सीटें हैं। बीए-बीएससी बीएड के परिणामों की घोषणा की जा चुकी है, लेकिन बीएड-डीएलएड परीक्षार्थियों का इंतजार अब तक खत्म नहीं हुआ है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि सहित प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। कई ऐसे छात्र भी हैं, जिन्होंने बीएड-डीएलएड में दाखिले की उम्मीद में अन्य परंपरागत पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं लिए हैं। नर्सिंग की सभी कक्षाएं मिलाकर 50 हजार से अधिक छात्र प्रवेश परीक्षाओं में शामिल हुए थे। 30 जून को बीएड और डीएलएड के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। बीएड के लिए 2.53 लाख और डीएलएड के लिए 3.05 लाख ने आवेदन किया था। इनमें से बीएड में 62.30 प्रतिशत व डीएलएड में 64.60 उपस्थित रहे थे।*

## ...तो प्रदेश के हजारों छात्र नहीं दिला पाएंगे डीपीई की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नियम में 31 जुलाई तक डी-फार्म पास करने वाले पात्र

दो वर्षीय फार्मेसी का डिप्लोमा कोर्स करने वालों को फार्मासिस्ट पंजीयन के लिए अक्टूबर में आयोजित होने वाली डीपीई परीक्षा में छत्तीसगढ़ के हजारों छात्रों के वंचित हो जाने की आशंका है। शेड्यूल में 31 जुलाई तक डी-फार्म की पढ़ाई पूरी करने वालों को पात्र माना गया है, जबकि छत्तीसगढ़ में 5 अगस्त को इसका परिणाम घोषित किया गया है। जानकारी के अनुसार डिप्लोमा इन फार्मेसी एग्जिट एग्जामिनेशन का आयोजन अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में किया जाना है। नियम के मुताबिक इसकी अगली परीक्षा मार्च-अप्रैल में आयोजित की जाएगी। प्रदेश के फार्मासिस्ट छात्रों द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि सात से आठ माह का वक्त काफी होता है, इसलिए पहली परीक्षा में इस साल पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को शामिल होने के लिए पात्र किया जाना चाहिए। एनबीईईएस द्वारा डिप्लोमा इन फार्मेसी की पढ़ाई करने वालों को फार्मासिस्ट के रूप में पंजीकृत करने के लिए इस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। अक्टूबर में होने वाली परीक्षा में उन विद्यार्थियों को शामिल होने के लिए पात्र माना गया है जिनका परीक्षा परिणाम 31 जुलाई अथवा उसके पहले घोषित हो चुका हो। इसके लिए 13 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन किया जाना है। सूत्रों के अनुसार राज्य में हर साल सात हजार के लगभग विद्यार्थी फार्मासिस्ट की पढ़ाई पूरी करते हैं, जिसमें से आधे डिप्लोमा धारक होते हैं। इनमें से ज्यादातर का उद्देश्य दवा दुकान का संचालन करना होता है और इसके लिए फार्मासिस्ट के रूप में फार्मेसी काउंसिल में पंजीकृत होना आवश्यक होता है।

### स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने भेजी चिट्ठी

इस मामले में स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर द्वारा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया को पत्र लिखकर अगस्त में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को परीक्षा में पात्र किए जाने के लिए निर्णय लेने की मांग की गई है। उन्होंने पत्र में बताया कि स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा द्वितीय वर्ष डिप्लोमा इन फार्मेसी की परीक्षा का परिणाम 5 अगस्त को घोषित किया गया है। होने वाली एग्जिट परीक्षा में इन छात्रों के हित का ध्यान रखा जाए।

**बिजनेस साइट**

### मैट्स विश्वविद्यालय में वेब स्क्रैपिंग पर कार्यशाला



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी स्कूल ने बीसीए और एमसीए के अंतिम वर्ष के छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से एक व्यापक वेब स्क्रैपिंग कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को डेटा-आधारित, नौकरी बाजार में अत्यधिक मांग वाली वेब स्क्रैपिंग तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें पायथन का उपयोग प्रमुख था। सत्र की अगुवाई अनुभवी विशेषज्ञ हर्ष राज ने की, जबकि समन्वयक शेखर साहू थे। कार्यशाला का आयोजन आईटी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. ओमप्रकाश चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो. डॉ. केपी यादव और रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा ने छात्रों की सराहना की।

### एसआईपी अबेकस गायत्री नगर में 8वां वार्षिक दिवस समारोह



**रायपुर।** गायत्री नगर स्थित एसआईपी अबेकस केंद्र ने अपने 8वें वार्षिक दिवस समारोह का आयोजन धूमधाम से किया। इस अवसर पर नृत्य, गायन, संगीत और टैलेंट हंट जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों और माता-पिता ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह में विशेष रूप से मां-बेटी की जोड़ी द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गीत ने सभी का दिल जीत लिया। प्रतिभाशाली बच्चों और माता-पिता को उपहार और मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया। अबेकस प्रतियोगिता के विजेताओं और जीएमसी पासआउट छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि कुलदीप जुनेजा और एसआईपी राज्य प्रमुख गुरमीत सिंह थे। गायत्री नगर केंद्र की फ्रेंचाइजी मनप्रीत कौर ने इस मौके पर कहा कि एसआईपी अबेकस बच्चों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाता है और इसलिए बच्चों के लिए अबेकस सीखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## उत्तर में जमकर बरस रहे, मध्य और दक्षिण में तीन दिन बाद असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कुसमी 25 सेमी. सर्वाधिक वर्षा दर्ज, शहर में गर्मी

झारखंड के ऊपर बने निम्नदाब के असर से प्रदेश के उत्तरी हिस्से में भारी बारिश हो रही है। वर्षा का असर 31 अगस्त से 2 सितंबर के बीच मध्य और दक्षिण इलाके में भी भारी रूप से होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में बलरामपुर के कुसमी में 25 सेमी. तक बारिश हुई वहीं शहर में अभी गर्मी अपना असर दिखा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले कुछ समय से मानसून की सक्रियता सरगुजा और बिलासपुर संभाग में दिखाई पड़ रही है। जोरदार वर्षा से सरगुजा संभाग के कई जिलों में नदी-नाले बाढ़ की स्थिति में आने लगे है। पिछले चौबीस घंटे में बलरामपुर के कुसमी जिले में ऐसी ही स्थिति बनी रही वहां 25 सेमी. बारिश से नदी-नालों में उफान आ चुका है। इसी तरह वाड्रफनगर में 15, रघुनाथ नगर में 10 सेमी. तक बारिश हुई है। दूसरी ओर मध्य इलाके में पिछले चौबीस घंटे से गर्मी का माहौल बना हुआ है।





रायपुर, बुधवार 28 अगस्त 2024

हरिभूमि लाइव



मध्यरात्रि श्रीकृष्ण जन्म के बाद मंगलवार को दिनभर मंदिरों में रही भीड़, चौक-चौराहों में हुई दही हांडी प्रतियोगिता

# आया बिरज का बांका... 60 फीट ऊंची दही हांडी, 7 लेयर का पिरामिड, डटे रहे 'गोविंदा'



गुढ़ियारी

गोविंदा आला रे..,जरा मटकी संभाल बृजबाला..,नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल... की गूंज मंगलवार को मंदिरों से लेकर चौक-चौराहों में हुई दही हांडी प्रतियोगिता में सुनाई दी। मध्यरात्रि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पश्चात सुबह से देर रात तक लोगों ने पर्व का जश्न मनाया। भव्य आयोजन गुढ़ियारी मैदान में हुआ, जहां 60 फीट ऊंची दही हांडी फोड़ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से गोविंदाओं की टोलियां पहुंची हुई थी। मटकी फोड़ने के लिए युवाओं व युवतियों में उत्साह दिखाई दिया। पानी की बौछार के बीच गोविंदा के मटकी साधने के प्रयास ने दर्शकों का रोमांच बढ़ा दिया।



## हांडी तक पहुंची कोरबा की टीम

हांडी की ऊंचाई अधिक होने से टोलियों को 7 फीट ऊंचा पिरामिड तैयार करना था। यह कारनामा कोरबा की टीम आनंद ने कर दिखाया। 30 सदस्यों की टीम 7 लेयर का पिरामिड बनाकर सफलतापूर्वक हांडी तक पहुंची। पहले और दूसरे लेयर में 6-6 सदस्य शामिल थे, जिसके बाद प्रत्येक लेयर में 5-5 सदस्य शामिल थे। 6 लेयर बनने के बाद जब 18 वर्षीय युवक पिरामिड की ऊंचाई तक पहुंचा तो मैदान में तालियों और जयकारों की आवाज गूंजने लगी। हर व्यक्ति की नजर युवक पर टिकी हुई थी, जैसे ही युवक ने मटकी फोड़ी, मैदान में हर कोई खुशी में झूम उठा।

**रायपुर।** आयोजन में सिंगर हंसराज रघुवंशी की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। सिंगर ने अपनी दिलकश आवाज से पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। भोलेनाथ के गीतों पर घंटों दर्शक झूमते नजर आए। इसके अलावा गोपाल मंदिर, समता कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, खाटू श्याम व इस्कॉन समेत अन्य प्राचीन मंदिरों में सुबह से भी भगवान के दर्शन करने भक्तगण पहुंचने लगे। जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान का अभिषेक व विशेष श्रृंगार किया गया। जैतुसाव मठ में भक्तों को मालपुए का प्रसाद दिया गया। मंदिरों में दिनभर अनुष्ठान होने से रौनक देर रात तक रही।

## मुख्यमंत्री ने मटकी फोड़ी, खाया माखन

मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंच में बनी छोटी मटकी को फोड़कर प्रसाद के रूप में माखन खाया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सभी को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान ने मानव जीवन व्यतीत करने की कला अपनी कृष्ण लीला में बताई है। अन्याय और अधर्म से कैसे लड़ना है, ये कृष्ण ने हमें बताया है। यही धर्म है। मंत्री टंकराम वर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, विधायक अनुज शर्मा समेत आयोजन समिति के संयोजक बसंत अग्रवाल भी उपस्थित रहे।



## बस्तर के शिल्पियों ने बुने रामलला के परिधान

जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में रामलला ने छग से भेजे गए परिधान धारण किए। बस्तर के शिल्पियों द्वारा बुने गए पीले खादी सिल्क से इस विशेष परिधान को निर्मित किया गया है। इस खादी सिल्क में असली स्वर्ण-चूर्ण से हस्तछपाई की गई है।

## रथ पर निकले श्रीकृष्ण बच्चों ने फोड़ी मटकी

शहर के चौक-चौराहों और मोहल्लों में दही-हांडी उत्सव छाया रहा। बच्चों ने श्रीकृष्ण का वेश बनाकर पिरामिड बनाई और मटकी फोड़ी। मठपारा में 40 सालों से चली आ रही परंपरा शुक्रवार को भी देखने को मिली। रथ पर भगवान श्रीकृष्ण नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान भक्तों ने भगवान के दर्शन किए। डीजे और धुमाल की धुन पर कालीबाड़ी, पुरानी बस्ती, कुशालपुर और मठपारा क्षेत्र में हांडी रात 9 बजे तक फोड़ी गई।



कालीबाड़ी



## टोलियों पर पानी की बौछारें

रायपुर कोरबा समेत विभिन्न जिलों से गोविंदा टोलियां पहुंची थीं। प्रतियोगिता देर शाम शुरू हुई। मुंबई की तर्ज पर क्रेन की मदद से 60 फीट की ऊंचाई पर हांडी को लटकाया गया था। प्रतियोगिता में दर्जन से अधिक टोलियों ने हिस्सा लिया। टोलियों का 5 से 7 लेयर का पिरामिड दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। पिरामिड गिरने पर दर्शक भी मायूस हो जाते। यह सिलसिला रात तक जारी रहा। इनाम जीतने युवाओं संग युवतियों की टोली ने भी दमखम दिखाया। टोलियों को हांडी तक नहीं पहुंचने देने आयोजन समिति द्वारा पाइप के जरिए टोलियों पर पानी की बौछारें की जाती रही। इस वजह से ज्यादातर टोलियां दो से तीन लेयर के पिरामिड बनाने के बाद ही धड़ाम हो जा रही थी। यह सिलसिला रात 10 बजे तक जारी रहा। बार-बार पिरामिड के गिर जाने से दर्शकों के लिए भी यह प्रतियोगिता रोमांचक हो गई थी।



गोपाल मंदिर

## टिकरापारा की युवतियों ने तोड़ी पहली मटकी

कार्यक्रम में 5 लाख रुपए की इनामी राशि वाली मटकी टिकरापारा समिति की युवतियों ने मुख्यमंत्री की उपस्थित में तोड़ी। इस दौरान युवतियों ने लगभग 60 फीट ऊंचे मटकी को फोड़ने पहले 7 पिरामिड बनाया। जैसे ही हाथ मटकी तक पहुंचा दूसरी ओर से पानी की बौछारें भी शुरू गई। पानी से बचते ही मटकी फोड़कर जश्न मनाया। इस बीच कुछ समय तक युवतियां मटकी को पकड़कर हवा में ही लटकी रहीं। प्रतियोगिता में दूसरे जिलों की युवतियों और महिलाओं ने भी दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में इन टोलियों ने जीत हासिल नहीं की, लेकिन अपने प्रयासों से हर व्यक्ति को आश्चर्यचकित कर दिया। टोलियों ने स्पर्धा में खूब तालियां बटोरी। बच्चों और पुरुषों की टोलियां भी हांडी फोड़ने घंटों जद्दोजहद करती रही।





गुढ़ियारी

## हंसराज रघुवंशी के गानों पर झूमे दर्शक

दही हांडी के बाद सिंगर हंसराज रघुवंशी जैसे ही मंच पर प्रस्तुति देने पहुंचे तो दर्शकों का जोश भी दोगुना हो गया। हंसराज ने शिव गीतों व भजनों से पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। दर्शकों ने भोलेनाथ के जयघोष से सिंगर का स्वागत किया। हंसराज ने मेरा भोला है भंडारी... सुनाया तो दर्शकों ने उनके साथ गायकी की। ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने.., जय शिव शंकर.., ओम नमः शिवाय.., सर से तेरे बहती गंगा... जैसे गाने सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। एक घंटे से अधिक चली प्रस्तुति में हंसराज ने भोलेनाथ के भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी।



## गरिमा और स्वर्णा ने जीता दिल

प्रदेश की लोक गायिका गरिमा और स्वर्णा दिवाकर ने भी अपनी दिलकश आवाज से दर्शकों को झूमने में पर मजबूर कर दिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ी त्यौहार व लोकगीतों की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। दोनों की जोड़ी ने कार्यक्रम में घंटों समय बांधे रखा।



## समाज इवेंट

# सफल जीवन के लिए सही कॅरियर जरूरी, पालक की भूमिका अहम



**रायपुर।** टाटीबंध स्थित महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन में कॅरियर काउंसिलिंग सेमिनार रखा गया। यहां छात्रों को कॅरियर संबंधित जानकारी दी गई। सिख समाज के छात्रों के साथ ही पालक भी इसमें शामिल हुए। उन्हें भी बताया गया कि वे किस तरह से अपने बच्चों को सही कॅरियर चुनने में मदद कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला मिलट्री ऑफिसर कैप्टन गुरमीत कौर ने पालकों और बच्चों को ये टिप्स दिए। वे सर्टिफाइड कॅरियर काउंसलर भी हैं। उनके द्वारा सिख समाज के 9वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। टिप्स लेने और अपनी रुचि से संबंधित क्षेत्रों के विषय में जानकारी लेने के लिए बड़ी संख्या में पालक अपने बच्चों संग उपस्थित रहे।

### छात्रों संग पालकों ने भी पूछे सवाल

बच्चों के साथ उपस्थित अभिभावकों को विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कॅरियर विकल्प में सही चुनाव करते हुए सफल जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन दिया। छात्रों के अलावा पालकों ने भी कॅरियर से जुड़े सवाल पूछे। संचालन कवलजीत कौर ने किया। बिक्रम सिंह, राजवंत सिंह गरेवाल, रघुवीर सिंह, मनविंदर सिंह, समाज के अध्यक्ष जसविंदर सिंह राणा, सचिव अटल सिंह सहित अन्य सदस्य समाज से उपस्थित रहे।

## कैंपस लाइव

# ट्रैफिक पुलिस की समझाइश बच्चे चलाएं बैटरी वाली गाड़ी



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई और रायपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में जिंदगी न मिलेगी दोबारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्कूलों में कार्यशाला आयोजित करके छात्रों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत संत ज्ञानेश्वर स्कूल में तीन विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें नशा मुक्ति, ट्रैफिक नियम, हेल्थ एंड हाइजीन शामिल रहे। मिस्टर एवं मिस नॉलेज का सर्टिफिकेट व मेडल भी दिया जा रहा है। क्विज कंपीटिशन के अंतर्गत बच्चों को ये इनाम दिए जा रहे हैं।

### लर्निंग लाइसेंस को लेकर गंभीर रहें छात्र

मुख्य अतिथि बीजेपी के प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव रहे। विशेष अतिथि एडिशनल एसपी ट्रैफिक डॉ.अनुराग झा रहे। एएसपी ट्रैफिक झा ने कहा कि 18 वर्ष की कम आयु होने पर गियर वाली गाड़ी नहीं चलानी चाहिए। 16 से 18 वर्ष आयु में लर्निंग लाइसेंस बनाया जाता है। इसके अंतर्गत बच्चे बैटरी वाली गाड़ी चला सकते हैं। बच्चों टू व्हीलर या फोर व्हीलर गाड़ी 18 वर्ष के ऊपर होने पर ही चलानी चाहिए। बीजेपी नेता अनुराग सिंहदेव ने कहा, ट्रैफिक नियमों के साथ ही हमको रायपुर को स्वच्छ रखना है। सिंधी काउंसिल के प्रदोध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, अभियान के अंतर्गत बच्चे कई बातें सीख रहे हैं।

## सिटी इवेंट

# 108 गायों की जिम्मेदारी उठाएगी 'बढ़ते कदम', करेंगे पूर्ण देख-रेख



**रायपुर।** बढ़ते कदम संस्था द्वारा मुंरेठी स्थित गौशाल में 108 सामूहिक गौदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अवारा पशुओं को गौशाला में लाया गया, जहां पूर्ण रुप से पूजा-अर्चना के साथ गौदान किया गया। गौशाला प्रभारी सुनील नारवानी एवं महासचिव सुनील पेशवानी ने बताया, संस्था द्वारा गौशाला में गौ माता की देख-रेख की जाती है। जहां पूर्ण रुप से उनकी सेवा की जाती है। संस्था सदस्यों द्वारा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक गौदान कार्यक्रम रखा गया। जहां 100 से अधिक की संख्या में लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ शामिल हुए।

### 2 फीट की गाय रही आकर्षण का केंद्र

इस दौरान गौशाला में सबसे छोटी 2 फीट की गौमाता का दो जोड़ा आकर्षण का केंद्र रहा। राजू झामनानी ने कहा, संस्था के सेवाकार्यों के प्रति विश्वास एवं गौमाता के प्रति भक्तिभाव के कारण पर्याप्त जमीन में शहर से 25 किलोमीटर दूर मुंरेठी में गौशाला बनाया गया। जहां रोजाना गौ प्रेमियों द्वारा गौ माता की सेवा की जाती है। कार्यक्रम के दौरान नंदलाल मुलवानी, गोपालदास चावला, अशोक गुरुबक्षाणी, रतन सोनी, सुंदर गिमनानी, दिलीप बजाज, किशोर पंजवानी आदि उपस्थित रहे।

---

● राज दरबार व महलों की कलाकृतियां भा रहीं, इसके अलावा फूलों को दे रहें स्थान

# तीज के लिए कस्टमाइज हो रही साड़ियां, इनमें उकेरे जा रहे महिलाओं के पसंदीदा डिजाइन, ये 30 हजार तक कीमती

तीज के लिए खरीदी का दौर तेज हो गया है। परंपरानुसार बाजार में सर्वाधिक रूप से साड़ियों की खरीदी-बिक्री हो रही है। भादो माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि अर्थात 6 सितंबर को यह पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र व सुख शांति के लिए व्रत रखेंगी। परिजनों द्वारा विवाहित बेटियों को तीज पर्व में मायके आने का आमंत्रण दिया जा चुका है। इसके साथ ही उन्हें उपहार में दी जाने वाली साड़ियों के लिए खरीदी भी बाजार में हो रही है।



### सिल्क फेब्रिक में गोल्डव व सिल्वर धागे

पंडरी के कपड़ा व्यवसायी श्री वाधवानी ने बताया, महिलाएं रेडिश रेड व हैवी ब्लाउज की साड़ियां पसंद कर रही हैं। दुकान में विभिन्न डिजाइन की साड़ी मौजूद हैं। सिल्क फ्रेब्रिक में साड़ियों पर गोल्डन व सिल्वर धागे के उपयोग से डिजाइन तैयार किया गया है। हैवी बॉर्डर के साथ हैवी ब्लाउज की साड़ियां पसंद की जा रही हैं। ब्लाउज में सफेद मोतियों के साथ जरी वर्क किया गया है।



### सिल्क साड़ियों का बढ़ा क्रेज

पंडरी रोड स्थित एक दुकान के संचालक मयुर ने बताया, तीज पर्व से एक माह पहले ही दुकान में खरीदारी के लिए महिलाएं पहुंचती रही हैं। कॉसमॉस सिल्क साड़ी लोगों की पहली पसंद है। बीते दिनों हल्के रंग की साड़ियां पसंद की जा रही थी, लेकिन अब डार्क रंग की साड़ियों को पसंद किया जा रहा। तीज के लिए दुकान में 500 से 30 हजार तक की साड़ियां उपलब्ध हैं। दुकान में कस्टमाइज साड़ी भी तैयार की जाती है, जिसमें महिलाएं मनपसंद रंग की साड़ियां तैयार करवाती हैं। शहर में कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, सूरत, अहमदाबाद व जयपूर से साड़ियां मंगाई जाती हैं।



**रायपुर।** इस खास अवसर पर महिलाएं सोलह श्रृंगार के साथ बेस्ट आउटफिट कैरी करना पसंद करती हैं। इसे देखते हुए दुकानों में भी साड़ियों और श्रृंगार सामग्री की विशेष रेंज लाई गई है। तीज पर्व से 2 माह पहले ही दुकानों को नए डिजाइनर साड़ियों से सजाया गया है, जहां महिलाओं द्वारा लगातार खरीदारी चल रही है। दुकानदारों के अनुसार, अब महिलाएं साड़ियों को कस्टमाइज रुप से भी तैयार करवाती हैं। जिमसें वह साड़ी में अपने कुछ खास या पसंदीदा डिजाइन करवा रही हैं।



### मारवाड़ी लुक में हैवी साड़ी

दुकान संचालकों ने बताया, मारवाड़ी व राजस्थानी लुक के साथ साड़ियां तैयार की गई हैं। इसकी कीमत 3 हजार से शुरु है, जिसमें साड़ी के साथ हैवी ब्लाउज तैयार किए जाते हैं। न्यू लुक के लिए साड़ी में राज दरबार व महलों के डिजाइन बनाए गए हैं। इसके साथ ही रंग-बिरंगे फूलों का भी उपयोग किया गया है।

### साड़ी प्लेन, लेकिन ब्लाउज हैवी लुक वाले

मालवीय रोड स्थित एक साड़ी दुकान के संचालक मनोज क्षत्रे ने बताया, तीज पर महिलाएं डिजाइनर कॉन्सेप्ट में साड़ी पसंद कर रही हैं। इसमें साड़ी प्लेन चाहिए, लेकिन ब्लाउज में हैवी लुक महिलाओं की पहली पसंद है। जिसमें ऑर्गेंजा व सिल्क फेब्रिक की साड़ियां सबसे अधिक पसंद की जा रही हैं। दुकान में युवतियां भी व्रत के लिए साड़ी खरीद रही हैं, जिसमें प्लेन व लाइट वेट की साड़ी डिमांड में है। इस वर्ष लाइट रंग की साड़ी से अधिक डार्क रंग की साड़ियों की खरीदी हो रही है।

---

# श्रीकृष्ण के सात नामों को समेटा राग हंसध्वनि में वृंदावनी सारंग व राग भूपाली में खोए संगीत छात्र

**रायपुर।** कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में एक विशेष संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने विभिन्न रागों पर आधारित मनोहारी बंदिशों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत संध्या की शुरुआत नितिन लूनिया द्वारा राग खमाज में 'मोहन जल भर जाने दे' की प्रस्तुति से हुई, जिसमें श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण चित्रण किया गया। इसके बाद, श्रीश शर्मा ने राग भैरव में 'जागो मोहन प्यारे' का गायन किया, जो श्रोताओं के हृदय को छू गया। अनुराग साहू ने राग दुर्गा में 'प्रभु जी राखन हार हमरो' के माध्यम से भगवान की महिमा का वर्णन किया, जबकि प्रीति साहू ने राग वृंदावनी सारंग में 'बन बन ढूंढन जाऊं' की मर्मस्पर्शी प्रस्तुति दी। पारुल शर्मा ने राग भीमपलासी में 'भजमन निस दिन सुंदर श्याम' और मयंक बैरागी ने राग वृंदावनी सारंग में 'बिरज में धूम मची है' का गायन प्रस्तुत किया, जो सभी को भावविभोर कर गया। इसके अलावा, सलोनी मुंड ने राग भूपाली में 'लगन लागी मोहे तुम्हारी ओ कान्हा जी' का गायन किया, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया। श्रुति विश्वास ने राग काफी में 'छाडो छैला मोरी बैया' की सजीव प्रस्तुति दी, जबकि वर्षा चतुर्वेदी ने राग बिहाग में 'कान्हा जा रे जा रे सांवरिया' का भावपूर्ण गायन प्रस्तुत किया।

**कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में रखी गई संगीत संध्या**



### तबले और हारमोनियम ने संगीतमय की संध्या

कशिश चंद्राकर ने राग मुल्तानी में 'नैनन में आन बान' की सजीव प्रस्तुति देकर सभी को मोह लिया। संगीत संध्या के अंतिम चरण में, डॉ. दीपक बेडेकर ने राग हंसध्वनि में 'मोरे किशन आन मिलो रे' और राग नंद में 'रुनझुन बाजे ललन पग पैजनिया' की विशेष प्रस्तुतियां दीं, जिनमें भगवान श्रीकृष्ण के सात नामों का उल्लेख किया गया। तबले पर हरि पटेल और हारमोनियम पर नितिन लूनिया ने संगत की, जिससे प्रस्तुतियां और भी संगीतमय हो गईं।

### भावविभोर हुए श्रोता

प्रीति पांडा ने राग पीलू में 'गोवर्धन गिरिधारी' की प्रस्तुति दी और शुभम विश्वास ने राग दरबारी कानड़ा में 'गीता को रचे कन्हैया' का गायन किया, जिसने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। निखिल सोनी और प्रियंका नायक ने राग मालकौंस में क्रमशः 'प्रभु को नाम सुनी जो मनवा' और 'करने लगे धूम सब मिली' की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। छाया मौसमी ने राग वृंदावनी सारंग और राधिका यादव ने राग भूपाली का गायन कर वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।

### बच्चों ने धरा राधा-कृष्ण का रूप



श्री बालाजी विद्या मंदिर, देवेंद्र नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम में पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने भाग लिया। श्री कृष्ण और राधा के पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर बच्चे अपने पालकों के साथ शाला पहुंचे। बच्चों द्वारा आरती, भजन, नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। दही हांडी का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि आंधा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी.स्वामी रहे। शाला प्राचार्या डॉ. फ्रेनी जय प्रकाश, प्राथमिक विभाग की प्रभारी शिक्षिका नागवर लक्ष्मी सहित समस्त छात्र एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

---

# चार्टर्ड एकाउंटेंट फाउंडेशन के पर्चे सितंबर में, गेट के लिए अर्जी शुरू

**रायपुर।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने चार्टर्ड एकाउंटेंट फाउंडेशन कोर्स सितंबर 2024 एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवा दिए हैं। इस परीक्षा में भाग लेने के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र ऑफिशियल वेबसाइट eservices.icai.org पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड दर्ज करना होगा। आईसीएआई की ओर से फाउंडेशन सितंबर 2024 सेशन की परीक्षाओं का आयोजन 13, 15, 18 और 20 सितंबर को किया जाएगा। पेपर-1 व पेपर-2 दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। वहीं पेपर-3 व पेपर-4 का आयोजन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा।




**13 से 20 सितंबर तक दो पालियों में होगी परीक्षा**

### आईआईटी रुड़की ने 26 सितंबर तक दिया समय

अभियांत्रिकी स्नातक अभिक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन की शुरुआत 28 अगस्त से कर दी जाएगी। अभ्यर्थी एप्लीकेशन फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट gate.iitr.ac.in पर जाकर भर सकेंगे। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की की ओर से रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट 26 सितंबर तय की गई है। ऐसे अभ्यर्थी जो किसी कारणवश तय अंतिम तिथि 26 सितंबर तक फॉर्म नहीं भर सके, वे लेट फीस के साथ 27 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। इन तिथियों में आवेदन करने पर उम्मीदवारों को निर्धारित शुल्क के साथ 500 रुपए अतिरिक्त चार्ज लेट फीस के रूप में जमा करना होगा।

---

बजट फ्रेंडली तोहफे तलाश रहे स्कूली छात्र, कॉलेज स्टूडेंट्स कर रहे अपेक्षाकृत अधिक खर्च

# कार्ड के दिन लदे, अब शिक्षकों को भी उपयोगी वस्तुएं देने का चलन, किताबों संग विदेशी परफ्यूम की महक

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** स्कूल से लेकर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा अपने अनुसार शिक्षक दिवस की तैयारी किया जा रही है। प्रत्येक वर्ष शिक्षकों के साथ उनके विद्यार्थियों के लिए यह दिन खास होता है। शिक्षक दिवस को यादगार बनाने के लिए शिक्षकों को विद्यार्थियों द्वारा उपहार दिए जाते हैं, जो शिक्षकों के लिए यादगार होता है। इसे देखते हुए कई तरह के तोहफे शिक्षकों के लिए छात्र तैयार कर रहे हैं। शहर के विभिन्न गिफ्ट दुकानों में बजट फ्रेंडली गिफ्ट लाए गए हैं। बूढ़ापारा स्थित दुकान संचालक देवेन्द्र पवार ने बताया, पहले की तरह अब शिक्षक दिवस पर सामान्य चीजों की अधिक खरीदी नहीं की जाती। स्कूल व कॉलेज छात्र अब कस्टमाइज गिफ्ट तैयार करना अधिक पसंद करते हैं। इसमें वॉच, कॉफी मग, डायरी, पेन, पर्स जैसे अनेक उपहार शामिल होते हैं। इसे कम कीमत पर तैयार किया जा सकता है। जिसे विद्यार्थी अपने बजट के अनुसार तैयार करवाते हैं। बीते कुछ सालों से शिक्षक दिवस पर कार्ड की खरीदी लगभग बंद हो गई है। अब कार्ड की डिमांड नहीं की जाती।





### प्लांट रखने के लिए चीनी मिट्टी के मग

लाखेनगर स्थित एक दुकान के संचालक कैलाश ने बताया, शिक्षक दिवस के लिए गिफ्ट के ऑर्डर छात्रों द्वारा दिए गए हैं। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के साथ चाइना से भी उपहार मंगाए जा रहे हैं। प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के दो-चार दिन पहले ही खरीदी की जाती है। इस दौरान 50 रुपए से लेकर 1000 तक का उपहार लिया जाता है। स्कूल के बच्चे कम कीमत की वस्तुएं खरीदना पसंद करते हैं। वहीं कॉलेज के छात्र कस्टमाइज गिफ्ट तैयार कराते हैं। इस वर्ष प्लांट रखने के लिए डिजाइनर व चीनी मिट्टी से तैयार फैंसी मग के ऑर्डर दिए गए हैं, जिसकी कीमत 100 रुपए से शुरु है।

### वास्तविक कहानी पर आधारित किताबें



कस्टमाइज गिफ्ट के लिए विद्यार्थी मग, पेन, डायरी, चॉकलेट व किताब की खरीदी करना पसंद करते हैं। इसमें मग में अपने शिक्षकों के लिए कुछ खास लाइन प्रिंट कराया जाता है। साथ ही चॉकलेट का सेट इसमें शामिल होता है। किताब का ऑर्डर शिक्षकों के पसंद अनुसार दिया जाता है। जिसमें रियल स्टोरी की किताब अधिक पसंद की जा रही है।

### फैंसी बुके, परफ्यूम हैं सदाबहार गिफ्ट

दुकान संचालक ने बताया, पुराने वक्त में चलन में रहे उपहार की मांग अभी भी की जाती है। इसमें फैंसी बुके, परफ्यूम, जरुरत की वस्तुएं, भगवान की मूर्तियां शामिल होती हैं। जिसें स्कूल के बच्चे खरीदना पसंद करते हैं। यह बजट फ्रेंडली होने के साथ ही सभी को पसंद आता है। इसकी कीमत 80 रुपए से शुरु होकर 400 रुपए तक है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### निशानेबाजी में छत्तीसगढ़ के 40 शूटर का चयन प्री-नेशनल में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राईफल एसोसिएशन की ओर से 23 वीं राज्यस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन माना में किया गया।जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से अनेक युवाओं और बच्चों ने भाग लिया। इसी प्रतियोगिता में रायपुर शहर स्थित टॉपगन शूटिंग अकैडमी के 40 से ज्यादा शूटरों ने अलग-अलग श्रेणी में मैडल जीते। इन सभी का चयन आसनसोल में होने वाली प्री- नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है।10 मीटर एयर रायफल में आन्या गुप्ता (389/400) जूनियर व सीनियर कैटगरी में 2 स्वर्ण, हिमांशी लालवानी (380/400) सीनियर में स्वर्ण व कांस्य, हर्ष अग्रवाल (358/400) सीनियर टीम में स्वर्ण, शिवम गुप्ता (382/400) सीनियर में 2 स्वर्ण, शिवांश गुप्ता (359/400) जूनियर में स्वर्ण तथा मुस्कान मालानी (375/400) जुनियर में रजत व कांस्य पदक जीता है। 10 मीटर एयर पिस्तौल में शुभ्रजीत बसाक (362/400) सीनियर में 2 स्वर्ण, वैष्णवी त्रिपाठी (349/400) जूनियर में 3 रजत, अक्षत शुक्ला (348/400) जूनियर में 2 स्वर्ण हासिल किया तथा 25 मीटर पिस्तौल में फैज़ा मेमन 257/300 अंक हासिल कर प्रदेश में नया रिकॉर्ड दर्ज किया। उन्हें जूनियर कैटगरी में स्वर्ण पदक मिला। प्रतियोगिता के समापन पर इन सभी शूटरों को राज्य के खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने सम्मानित किया । सभी शूटरों नें अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और कोच को दिया है।

### बस्तर मैराथन अक्टूबर में, एथलेटिक्स संघ की बैठक मे लिया गया फैसला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जीएस बाम्बरा के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ संघ के कार्यकरणी सदस्यो की विशेष बैठक 25 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से सीराज़ गेस्ट हाउस गीतांजली नगर मे रखी गई। जिसमे जगदलपुर मे "बस्तर मैराथन" आयोजित करने चर्चा हुई । यह आयोजन 02 अक्टूबर को जगदलपुर मे होगा, इसमे नगद पुरस्कार के रूप मे लगभग 400000/- दिए जाएंगे । इस आयोजन का नारा " दौड़ेगा बस्तर–दौड़ेगा छत्तीसगढ़, हमर बस्तर–हमर संस्कृति " होगा।.सभी जिला इकाईयों के सम्बद्धता एवं पंजीयन के संबंध में सभी जिलों के दस्तावेज तैयार रखने अतिरिक्त समय देने के लिए सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में 21वी राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विषय मे चर्चा हुई। बैठक में एक अन्य बिंदु पर चर्चा की गई जिसमें सुनिशचित करने के लिए कोशिश की गई कि ग्रामीण (सुदूर) क्षेत्र के जो स्कूल जहां के बच्चे एथलेटिक्स में भाग नहीं ले पाते हैं उनके बीच में जाकर उन स्कूलों का एक अलग से ग्रुप बनाकर उनके लिए प्रतियोगिता अयोजित की जाये।

इस बैठक मे छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जी एस बाम्बरा, महासचिव अमरनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष जगपाल सिंह धैलीवाल, वरि संयुक्त सचिव रविशंकर धनगर, अरुण कुमार पाल, परमेश्वर राम भगत, अनिल खोबरागड़े, के श्रीनु, सुनील नायर, सौरव लोनिया, सुदर्शन सिंह एवं जी रवि राजा आदि उपस्थित थे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दिया।

### राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में रायपुर जी गर्ल्स टीम रनर अप



**रायपुर।** जूनियर राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ एवं जिला बिलासपुर बेसबॉल संघ के तत्वधान में छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में किया गया। जिसमे प्रदेश से रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, कबीरधाम, मुंगेली, कोरबा जिलो के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शैलेश पांडे, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष, संघ की उपाध्यक्ष डॉ कैरोलिन सत्तूर एवं शासकीय स्कूल खम्हारडीह रायपुर के प्राचार्य दीपक दुबे मौजूद थे। जिला रायपुर बेसबॉल संघ के सचिव आशीष यादव ने बताया कि बालिका वर्ग में रायपुर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और वही बालक वर्ग में बिलासपुर टीम ने रायपुर को 02-01 से हरा कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रायपुर जिले टीम के साथ पुष्पेंद्र बरमाल, प्रदीप सिन्हा, निकिता वैद्य, रूपेश साहू व साकेत सिंह राजपूत उपस्थित थे।

बेसबॉल संघ के महासचिव मिताली घोष ने बताया कि राज्य स्तर में चयनित खिलाड़ी 2 से 6 अक्टूबर तक पंजाब के संगरूर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम में भाग लेंगे। इसके पूर्व 20 सितम्बर से 29 सितंबर तक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बिलासपुर में किया जाएगा।

नींद पूरी न हो पाने की समस्या दुनिया की एक बड़ी चिंता

# सुकून की नींद लें, देर रात तक जागना आपको बना सकता है दिल का मरीज

क्या आप रात में अच्छी नींद ले पा रहे हैं? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह वैश्विक स्तर पर चर्चा में काफी बड़ा प्रश्न है, क्योंकि नींद पूरी न हो पाने की समस्या बड़ी चिंता बनकर उभरती हुई देखी जा रही है। विशेषकर कोरोना महामारी के बाद यह जोखिम और भी बढ़ गया है, लगभग हर उम्र के लोगों में इसका खतरा देखा जा रहा है। अध्ययनकर्ता कहते हैं, सभी लोगों के लिए रात में कम से कम आठ घंटे की निर्बाध नींद बहुत जरूरी है। नींद की कमी होने से शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम हो सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है, उनमें समय के साथ कई प्रकार की गंभीर और क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा हो सकता है। यह आपमें हृदय रोगों के साथ, डायबिटीज की जटिलताओं को बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करने वाली समस्या हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी रात में निर्बाध नींद लेना जरूर सुनिश्चित करें।



### हृदय की गंभीर समस्याओं का जोखिम

क्या आप रात में 6 घंटे से कम सोते हैं? अगर हां तो आपको हृदय रोग होने की अधिक आशंका है। डॉक्टर निश्चित नहीं हैं कि यह कैसे काम करता है, लेकिन माना जाता है कि नींद की कमी से रक्तचाप और तनाव बढ़ जाता है जो सीधे तौर पर हृदय के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। इसके अलावा शोधकर्ताओं ने सोने में परेशानी और हार्ट फेलियर के जोखिमों के बीच संबंधों को लेकर भी अलर्ट किया है। शोध के मुताबिक अनिद्रा की समस्या शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को ट्रिगर करती है, जो समय के साथ आपके दिल को कमजोर कर सकती है।

### हार्ट फेलियर का खतरा

जर्नल में छपी अध्ययन की रिपोर्ट में वैज्ञानिकों का कहना है कि हृदय विफलता एक दीर्घकालिक समस्या है जो अनुमानित 60 लाख अमेरिकी लोगों को प्रभावित करती है। हार्ट फेलियर से पीड़ित लोगों की संख्या 2030 तक 46% (8 मिलियन से अधिक) बढ़ने का अनुमान है। इसके लगभग 75% रोगियों में निदान के दौरान नींद की गड़बड़ी (एसडी) या अनिद्रा जैसी समस्याओं का पता लगाया गया है। नींद पूरी होने की समस्या उन स्थितियों को भी बढ़ाने लगती है जिसके कारण हृदय की गंभीर बीमारियों के विकसित होने का भी जोखिम रहता है।

### बढ़ सकता है आपका वजन

एक अन्य शोध में पाया गया कि यदि आप रात में 6 घंटे से कम सोते हैं, तो इसके कारण शरीर में वसा की मात्रा अधिक हो सकती है। इसे व्यवस्थित रखने के लिए आपको रोजाना कम से कम 8 घंटे सोना चाहिए। जब आप कम नींद लेते हैं तो आपका शरीर बहुत अधिक इंसुलिन बनाता है, जिससे वजन बढ़ सकता है। यह आपके भूख को प्रभावित करने वाले हार्मोन्स के लिए भी दिक्कतों को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। डॉक्टर बढ़े हुए वजन की स्थिति को भी गंभीर हृदय रोगों के खतरे से जोड़कर देखते हैं।

### समय से पहले मृत्यु का खतरा

यदि आप रात में 5 घंटे से कम सोते हैं तो यह स्थिति आपमें समय से पहले मृत्यु के खतरों को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। नींद की समस्याएं कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों के जोखिम को बढ़ाने वाली मानी जाती हैं। जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है उनमें हृदय रोगों की समस्या के साथ डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और तंत्रिकाओं की दिक्कत भी होने लगती है, जो समय से पहले मृत्यु के कारणों में से एक हैं।



## मार्केट से खुली सब्जियां खरीदने के बाद ऐसे रखें फ्रिज में, नहीं होगी जल्द खराब

बाजार से सब्जियां खरीदते वक्त इन बातों का ध्यान रखना चाहिए कि आप इन सब्जियों का इस्तेमाल कितने दिन तक करने वाली हैं। अगर सब्जी कई दिन तक रखनी है तो फ्रिज में ऐसे रखना बेहतर हो सकता है।

### फ्रिज में सब्जी कैसे करें स्टोर?

अगर मुमकिन हो तो फ्रिज के अलग-अलग खानों का इस्तेमाल कर सकते हैं, ताकि सब्जियां अलग-अलग किसी दूसरी खुशबू और स्वाद को अपनाकर न अपनी स्वाद न खो दें।फ्रिज की ज्यादा ठंड में सब्जियां फ्रोजन यानी जम हो जाती हैं, इसलिए सब्जियों को फ्रिज के सही तापमान पर रखें, जो आमतौर पर 0 डिग्री फारेनहाइट यानी 18 डिग्री सेल्सियस होता है। सब्जियों को फ्रिज में रखने के बाद, उन्हें बार-बार चेक करें और अगर इस्तेमाल से पहले जो सूख जाते हैं उन्हें हटा दें। अगर आपको सब्जियों की ताजगी या क्वालिटी में कमी दिखती है, तो उन्हें समय रहते इस्तेमाल करें या बिना किसी पतली या गन्दी सब्जियों के लिए अलग ढेर में डाल दें। आलू, प्याज, और लहसुन को एक छेद वाली जालीदार बैग या खुले बर्तन में स्टोर करें। हरी सब्जियों को काटकर या बगैर काटे भी स्टोर किया जा सकता है। अगर आप उन्हें काटते हैं, तो उन्हें पानी में डुबोकर रखें।फलों को भी फ्रिज में स्टोर किया जा सकता है। हालांकि, कुछ फल, जैसे कि केला फ्रिज में खराब हो सकते हैं। ये बातें भी ध्यान में रखना चाहिए।



## चाय-कॉफी की जगह सुबह इन ड्रिंक्स का करें इस्तेमाल, आपकी मॉर्निंग हमेशा बनी रहेगी 'गुड'



अक्सर सुबह उठ कर चाय और कॉफी की तलब होती है । लेकिन आम तौर पर चाय और कॉफी से बचने की सलाह दी जाती है। इसलिए आप चाहें तो विकल्प भी मौजूद हैं।

### गुड़ या पेठे से करें सुबह की शुरुआत

मीठा भी बर्फी, लड्डू या गुलाब जामुन नहीं बल्कि शुद्ध देसी स्वाद वाला हो। डॉक्टरों का इस बारे में कहना है कि गुड़ और पेठा सही है। ये आपके शरीर में वात यानी वायु के संतुलन को बनाए रखता है। इससे आगे चलकर किसी भी तरह की शारीरिक परेशानी नहीं होती।

### सुबह इन ड्रिंक्स का करें इस्तेमाल

**ग्रीन टी:** कैमेलिया साइनेंसिस पौधे की पत्तियों से बनी ग्रीन टी आपके दिन की शुरुआत करने के लिए सबसे बढ़िया पेय पदार्थों में से एक है। काली या ऊलोंग चाय के विपरीत, ग्रीन टी की पत्तियों का ऑक्सीकरण नहीं होता है, जिससे उनके प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट सुरक्षित रहते हैं।

**नींबू पानी:** सुबह आप नींबू पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह नींबू का रस विटामिन से भरपूर होता है जो हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ा सकता है और मौसमी संक्रमण और एलर्जी को दूर रखने में मदद कर सकता है।

हल्दी लट्टे (गोल्डन मिल्क): हल्दी लट्टे, जिसे गोल्डन मिल्क के नाम से भी जाना जाता है, हल्दी, दूध (डेयरी या पौधे-आधारित) और अक्सर दालचीनी, काली मिर्च और अदरक जैसे अन्य मसालों का उपयोग करके बनाया जाने वाला एक गर्म, मसालेदार पेय है। इसमें शहद या मेपल सिरप जैसा स्वीटनर भी शामिल हो सकता है।

**मैचा लट्टे:** मैचा विशेष रूप से उगाई और संसाधित ग्रीन टी की पत्तियों का बारीक पिसा हुआ पाउडर है। नियमित ग्रीन टी के विपरीत, जहाँ पत्तियों को भिगोया जाता है, मैचा में पूरी पत्ती का सेवन किया जाता है, जिससे पोषक तत्वों की उच्च सांद्रता मिलती है।



## घर की इन जगहों पर रखें वास्तु पिरामिड, आती रहेगी खुशहाली

वास्तु को एक एकीकृत विज्ञान माना जाता है जो ब्रह्मांड की ऊर्जा को विज्ञान के ज्ञान से जोड़ता है। हम सभी के लिए ऊर्जा काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हमें इस ग्रह पर उद्देश्यपूर्ण जीवन के साथ रहने की प्रेरणा देती है। हमारे आस-पास कुछ सकारात्मक और कुछ नकारात्मक ऊर्जाएं होती हैं और उनका कुशलता पूर्वक इस्तेमाल करने के लिए वास्तु से जुड़ी कुछ चीजें और नियम बनाए गए हैं। ऐसी ही वास्तु की चीजों में से एक है वास्तु पिरामिड। ऐसा माना जाता है कि यदि आप वास्तु पिरामिड को घर की सही दिशा में रखते हैं तो ये घर के सभी वास्तु दोषों को दूर करने में मदद करता है। लेकिन इसे रखने के लिए सही वास्तु की जानकारी होनी भी जरूरी है। आइए ज्योतिर्विद पं रमेश भोजराज द्विवेदी जी से जानें क्या होता है वास्तु पिरामिड और इसे किस स्थान पर रखना उचित माना जाता है।

### वास्तु पिरामिड क्या है?

अपने आस-पास से नकारात्मकता को दूर करने के लिए घर या वर्कप्लेस को वास्तु शास्त्र की आवश्यकता होती है। किसी भी प्रकार की नकारात्मक शक्तियों को अपने घर से दूर करना बहुत जरूरी माना जाता है। वास्तु पिरामिड को ऊर्जावान यंत्र माना जाता है जो सर्वोच्च शक्तियों को समेटे हुए होता है। वास्तु के अनुसार ऐसा माना जाता है कि यदि हमारे पास घर में वास्तु पिरामिड हैं तो ये सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने और नकारात्मक ऊर्जा को बेअसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ये एक ऐसा यंत्र होता है जो सभी शक्तियों के बीच सामंजस्य बनाने में मदद करता है।



### घर में वास्तु पिरामिड कहां रखें

वास्तु पिरामिड आपके ऑफिस घर या फिर आपके आस-पास मौजूद हर वास्तु दोष को दूर करता है। हालांकि आपको इन पिरामिडों को एक आदर्श स्थान पर ही रखने की सलाह दी जाती है। इन स्थानों में आपके घर का केंद्रीय बिंदु, कोई विशिष्ट कमरा या आपके वर्क प्लेस या घर का कोई ऊर्जावान बिंदु शामिल हो सकता है। वास्तु पिरामिड को आप ऐसी जगह लगाएं जहां घर के सदस्य सबसे ज्यादा समय बिताते हों।

### वास्तु पिरामिड की सही दिशा

अगर हम वास्तु की दिशा की बात करें तो वास्तु पिरामिड को घर में हमेशा ईशान कोण में रखना चाहिए। यह एक ऐसा स्थान है जो सबसे ज्यादा ऊर्जा का केंद्र माना जाता है और इस दिशा में रखा हुआ वास्तु पिरामिड आपके घर की ऊर्जा को संतुलित करने में मदद करता है।

इसी दिशा में आपको घर का मंदिर रखने की सलाह भी दी जाती है और ऐसा माना जाता है कि मंदिर की दिशा के आस-पास रखा वास्तु पिरामिड सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

### अच्छी नींद के लिए इस दिशा में रखें वास्तु पिरामिड

यदि घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा तो घर के लोग भी सेहतमंद बने रहेंगे। इसलिए वास्तु पिरामिड को आप अच्छी नींद के लिए (अच्छी नींद के लिए वास्तु टिप्स) घर के दक्षिण -पश्चिम कोने में रखें।





## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सुपरमैन का संघर्ष देखना है तो तैयार हो जाएं, ट्रेलर जारी, कहानी बाकी



दिवंगत अभिनेता क्रिस्टोफर रीव के जीवन पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'सुपर/मैनः द क्रिस्टोफर रीव स्टोरी' का ट्रेलर जारी हो गया है। क्रिस्टोफर रीव को पूरी दुनिया सुपरमैन के नाम से जानती हैं। साल 1978 में, जब वो परदे पर सुपरमैन बनकर आए थे तो वो क्रिस्टोफर रीव नहीं रहे थे। वो हमेशा के लिए सुपरमैन ही बन गए। उन पर बनी यह डॉक्यूमेंट्री दर्शकों को उनके जीवन से रूबरू कराने का काम करेगी। इसे 21 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

'सुपर/मैनः द क्रिस्टोफर रीव स्टोरी' का निर्देशन इयान बोनहोटे और पीटर एट्टेडगुई ने किया है। उनकी यह डॉक्यूमेंट्री बताएगी कि क्रिस्टोफर रीव कैसे सुपरमैन बने और उनकी जीवन यात्रा कैसी रही। 3 मिनट 38 सेकेंड के ट्रेलर से साफ है कि इसमें क्रिस्टोफर की कई ऐसी फुटेज भी देखने को मिलेगी, जिन्हें शायद ही किसी ने देखा होगा। रीव ने सुपरमैन की चार फिल्मों में अभिनय किया था और दर्शक उनसे गहराई से जुड़ गए थे। लोगों का यह हीरो भले ही परदे पर आसानी से हवा में उड़ता हुआ दिखता था और लोगों को उड़ने के सपने दिखाता था, लेकिन उनके हीरो या कहे उनके सुपरमैन का जीवन संघर्ष से भरा हुआ था। संघर्ष भी ऐसा था, जो उनकी सुपरमैन की छवि के एकदम उलट था। साल 1995 की बात है। सुपरमैन क्रिस्टोफर रीव घुड़सवारी कर रहे थे और तभी दुर्घटना का शिकार हो गए। पैरालाइज्ड हो गए। गर्दन के नीचे का पूरा हिस्सा जमा का जमा रह गया। हवा में उड़ने वाला हीरो अब बिस्तर पकड़ चुका था। इतना सब होने के बावजूद मानो क्रिस्टोफर रीव ने हार मानने का काम बाकी लोगों पर छोड़ दिया था और अपने लिए चुनी थी जीत। इस हादसे के बाद उन्होंने अपना जीवन दूसरों की मदद के लिए समर्पित कर दिया था।

### टॉलीवुड

## स्पिरिट-एनिमल पार्क के लिए संदीप रेड्डी वंगा ने कस ली कमर



फिल्मकार संदीप रेड्डी वंगा को उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए जाना जाता है। अर्जुन रेड्डी, कबीर सिंह के बाद एनिमल से उन्होंने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया। अब वह अपनी आगामी दो फिल्मों के लिए कमर कसते हुए नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्देशक ने स्पिरिट और एनिमल पार्क को रिलीज करने की समय सीमा तय कर दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स में वांगा की अपनी आगामी फिल्मों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया है कि निर्देशक ने अपनी आने वाली दो फिल्मों को लेकर पूरी योजना तैयार कर ली है। इन दोनों ही फिल्मों की वजह से संदीप अगले चार वर्षों तक व्यस्त रहेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे पहले प्रभास अभिनीत 'स्पिरिट' की शूटिंग शुरू होनी है। यह फिल्म पहले से ही प्री-प्रोडक्शन चरण में है। संदीप ने पहले इस फिल्म को इस साल के आखिर में शुरू करने की योजना बनाई थी और 2025 में इसे बड़े पर्दे पर लाने का लक्ष्य रखा था। हालांकि, अब यह फिल्म अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी और 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। संदीप की इस फिल्म को विशुद्ध रूप से एक मॉस एंटरटेनर बताया जा रहा है, जो उनकी पिछली सभी फिल्मों से काफी अलग होगी। रिपोर्ट्स की मानें तो 'स्पिरिट' को खत्म करने के बाद वह जोर शोर से रणबीर कपूर की एक्शन फिल्म ' एनिमल पार्क' पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का निर्माण 2026 के अंत तक शुरू हो जाएगा। वहीं, इसे साल 2028 में रिलीज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### भोजपुरी

## परंपरा-प्रतिष्ठा और हॉरर-कॉमेडी का तड़का है नई फिल्म 'चिंटू की दुल्हनिया'



भोजपुरी फ़ल्मि 'चिंटू की दुल्हनिया' का ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया। इस ट्रेलर में भोजपुरी सिनेमा में एक अलग प्रयोग होता दिखाई दिया है। निर्माता निर्देशक ने इस फ़ल्मि से एक नई शुरुआत करने की कोशिश किया है जिससे लार्जर दैन लाईफ लगने के साथ ही पारिवारिक मूल्यों को समेटती हुई नज़र आती है 'चिंटू की दुल्हनिया'। फ़ल्मि में एक दादाजी हैं जो बाहुबली फ़ल्मि का सुप्रसिद्ध सम्वाद बोलते रहते हैं कि हमरा वचन ही है शासन, लेकिन घर के परिवार के सदस्य उनकी अड़यिल और कड़क स्वभाव के ख़ौफ़ में इस कदर जीते हैं कि कोई भी इंसान बगावत करने की सोंच भी नहीं रख सकता। संयुक्त परिवार की कहानी आज की तारीख में बहुत कम देखने को मिलता है लेकिन इस फ़ल्मि के निर्माता निर्देशक ने भोजपुरी में इस बात को बल देकर एक बेहतरीन सन्देश देने की कोशिश किया है। फ़ल्मि में चिंटू के अभिनय के तीन शेड्स देखने को मिलेंगे जिसमें आपको काफी वेराइटी और चिंटू के हर कैरेक्टर में विविधता नज़र आएगी। वो आपको कभी कॉमेडी करते हुए नज़र आते हैं तो कभी उतनी ही संज़ीदगी के साथ रोमांस करते हुए नज़र आते हैं और सबसे आखिर में वे एक आत्मा के चंगुल में फिर से एक नई भूमिका में आकर अभिनय के एक नए विस्तारित रूप से अपनेआप को दर्शकों के सामने रखते हैं।

### जंगल की हसीनाएं

लाइफ स्टाइल



हाथी, चीता, जिराफ, ज़ेबरा और अन्य जानवरों की सफ़ारी से जुड़े प्रिंट अफ्रीका की तुलना में दक्षिण अमेरिका से अधिक निकटता से जुड़े हैं। यह तथ्य प्रख्यात डिजाइनर फर्म डोल्से एंड गब्बाना को दक्षिण इतालवी से बाहर जाने मजबूर करता है। हाल ही में इन्होंने समृद्ध जंगल, वर्षावन वनस्पतियों और जीवों पर आधारित स्टाइलिश सुंदर प्रिंटों के साथ अपने डिजाइन प्रदर्शित किए। वन्य जीवों और जंगल में रुचि रखने वाले दर्शकों के लिए यह शानदार कलेक्शन था, जिसे खूब तारीफ मिली।

## बालों के हिसाब से इस्तेमाल करना चाहिए कंघा



सभी हेयर स्पेशलिस्ट का कहना है कि, लोगों को अपने बालों के हिसाब से ही कंघी का इस्तेमाल करना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपके बाल और ज्यादा कमजोर हो जाएंगे। बहुत से लोगों तो इस बात की जानकारी ही नहीं है कि बालों के प्रकार से कंघी भी बाजार में आती हैं। ऐसे में आज के लेख में हम आपको सभी प्रकार के बालों के लिए कंघी के बारे में बताएंगे।

### घने बालों के लिए

अगर आपके बाल काफी ज्यादा घने हैं तो आप उन्हें स्टाइल करने के लिए आप चौड़े और बड़े ब्रिसल्स वाली कंघी का ही प्रयोग करें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगी तो ये बालों में उलझने लगेगी। चौड़े ब्रिसल्स बालों की जड़ों तक जाकर बालों को सुलझा देती है।

### पतले बालों के लिए

अगर आपके बाल काफी पतले हैं तो आपको हमेशा पतले, छोटे और घने बिसल्स वाली स्पेशल कंघी का इस्तेमाल करना चाहिए। इस तरह की कंघी के इस्तेमाल से आपके बाल झड़ने की समस्या कम हो सकती है।

### घुंघराले बालों के लिए

बहुत से लोगों के बाल पहले से ही घुंघराले होते हैं तो कई लोग इसे कर्ल कराते हैं। ऐसे लोगों को नायलॉन के चौड़े बिसल्स वाली कंघी का इस्तेमाल करना चाहिए। ये बालों में फंसती नहीं है और इसके इस्तेमाल से बाल सुलझाना आसान होता है।

### स्ट्रेट बालों के लिए

अगर आपके बाल पहले ही स्ट्रेट और सिल्की हैं तो आपको नेचुरल ब्रिसल्स वाले कंघी का इस्तेमाल करना चाहिए। स्ट्रेट बालों में कंघी करने में ज्यादा परेशानी नहीं होती है। ऐसे में आप फ्लैट पैडल ब्रश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

## ग्लैमरस दिखने अपनाएं ऐसी डिजाइनर साड़ियां



फैशन

भारतीय विवाहित महिलाएं चाहे विश्व में कहीं भी रहें, वो व्रत-त्योहार को मनाना कभी नहीं भूलतीं। इस दिन को और ज्यादा खास बनाने के लिए महिलाएं 16 श्रृंगार करती हैं और नई-नई साड़ी पहनती हैं। अगर आप व्रत-त्योहार पर साड़ी पहनना चाहती हैं तो आपके लिए कुछ डिजाइनर साड़ी हैं। ये सभी साड़ियां आपको आसानी से बाजारों में मिल जाएंगी।



### सीक्वेन साड़ी

अगर आप व्रत-त्योहार पर ग्लैमरस दिखना चाहती हैं तो इस तरह की सीक्वेन साड़ी कैरी करें। ये देखने में काफी प्यारी लगती हैं।

### सिल्क साड़ी

अगर शादी के बाद आपका पहला व्रत-त्योहार है तो लाल रंग की सिल्क की साड़ी आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में बेहद खूबसरत लगती है।

### रफल साड़ी

इस तरह की साड़ी आपको किसी डिजाइनर शोरूम पर ही मिलेगी। ऐसी साड़ियां काफी क्लासी लगती हैं। आप इन्हें ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट

अगर आप कुछ सिंपल पहनना चाह रही हैं तो इस तरह की फ्लोरल प्रिंट की साड़ी आपके लिए परफेक्ट है। ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगती है।

### शिफॉन साड़ी

अगर आपको लाल साड़ी ही पहननी तो हैवी ब्लाउज के साथ इस तरह की शिफॉन की साड़ी आप पहन सकती हैं। इसे पहनकर आपका लुक निखर कर सामने आएगा।

## कार्नफ्लोर से करें स्किन केयर



अगर आप घर पर रहकर ही अपनी ऑयली स्किन को पैम्पर करना चाहती हैं और उसकी केयर करना चाहती हैं तो ऐसे में कॉर्नफ्लोर की मदद से फेस पैक बना सकती हैं। इसे आप घर पर बनाकर अपनी ऑयली स्किन की केयर कर सकती हैं। ऑयली स्किन के लिए कॉर्नफ्लोर और दही की मदद से फेस पैक बनाया जा सकता है। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन को एक्सफोलिएट और टाइटन करता है, जबकि नींबू का रस ताजगी और चमक प्रदान करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्री को मिक्स करें। अब अपने फेस को क्लीन करें और तैयार पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। करीबन 15 मिनट बाद पानी की मदद से चेहरे को क्लीन करें। अंत में, स्किन को मॉइश्चराइज करना ना भूलें। अगर आप अपनी ऑयली स्किन की केयर करने के साथ-साथ उसे ठंडक का अहसास भी करवाना चाहती हैं तो ऐसे में कॉर्नफ्लोर और खीरे की मदद से भी फेस पैक बनाया जा सकता है। फेस पैक बनाने के लिए खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें। अब आप खीरे के रस में कॉर्नफ्लोर को मिक्स करके एक स्मूद पेस्ट बना लें। अब अपने चेहरे को क्लीन करके इस पेस्ट को लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में, पानी की मदद से चेहरे को क्लीन करें और फिर उसे मॉइश्चराइज करें।

## गर्दन लंबी है तो लहंगे के साथ पहनें नेकलेस

ज्वेलरी पहनना हर किसी को पसंद होता है। महिलाएं अक्सर बाजार से जाकर अपने लिए अलग-अलग तरफ की ज्वेलरी खरीदती हैं। कई सारे लोग ऐसे होते हैं जो सिर्फ अपनी कलेक्शन में नए डिजाइन को एड करने के लिए बाजार से जाकर उन्हें खरीदना पसंद करते हैं। लेकिन आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जब आप ज्वेलरी खरीदें तो नेक शेप का खास ध्यान रखें। इससे आपका ज्वेलरी स्टाइल करने का तरीका भी बदल जाता है। इसी के साथ आपका लुक भी परफेक्ट लगता है। ऐसे मे आप व्रत-त्यौहार पर इन्हें वियर कर सकती हैं।

अगर आपकी गर्दन लंबी है तो इसके लिए आप लेयर नेकलेस सेट को वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी अच्छे लगते हैं। इसमें थ्री चेन लेयर या फिर फोर लेयर चेन भी ले सकती हैं। पर्ल वाले ऑप्शन भी आपको मिल जाएंगे। इसे तरीके के ज्वेलरी सेट को आप वेस्टर्न आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इस तरीके के नेकलेस डिजाइन मार्केट में भी 100 से 250 की रुपये में अच्छे डिजाइन और पैटर्न के साथ मिलेंगे।



### कार्नर न्यूज

### हेयर केयर ऐसा करिए कि लड़कियां भी हो जाएं हैरान

## हेयर केयर में कंडीशनर है आपका फेवरेट तो जरूरी बातें समझ लीजिए

*अगर आप हेयर केयर के लिए सबसे ज्यादा हेयर कंडीशनर को पसंद करते हैं तो फिर आपको जरूरी टिप्स पर एक नजर जरूर डाल लेनी चाहिए। आपको पता चल जाएगा कि कंडीशनर का इस्तेमाल कब और कितना करना है। या फिर कंडीशनर आखिर होता क्या है या ये बालों का ख्याल कैसे रखता है? कंडीशनर के प्रकार कंडीशनर भी कई तरह के होते हैं। उनको उन्हीं खासियतों के हिसाब से चुना जाना चाहिए। इन प्रकारों के बारे में जानते हैं, चलिए-*



### रिंस आउट कंडीशनर

ये सबसे आम तरह का कंडीशनर है। इसको आप बाल धोने के बाद कुछ देर के लिए बालों पर कंडीशनर लगाते हैं और फिर धो देते हैं। इसमें बालों पर असर कुछ देर में ही नजर आने लगता है। इसको इस्तेमाल करना सबसे आसान भी होता है।

### लिव-इन कंडीशनर

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। ये वो कंडीशनर है, जिसे आपको कुछ देर बालों पर छोड़ना होता है। इसको नहाते हुए लगाने के बजाए, आप तब लगाते हैं, जब नहाकर बाहर आ चुके होते हैं। बस बालों को स्टाइल करने से पहले आपको ये कंडीशनर लगाना होता है। ये कंडीशनर बालों में नमी बनाए रखता है। ये बालों में बिल्कुल लोशन लगाने जैसा होता है। ये स्प्रे और क्रीम दोनों फॉर्म में आता है। काई बार आपके बालों के टाइप के हिसाब से क्रीम काफी गाढ़ी हो सकती है, जिससे बाल चिपचिपे लग सकते हैं।

### शैंपू+कंडीशनर

आपने ये कंडीशनर जरूर इस्तेमाल किया होगा। इस वक्त बाजार में ऐसा शैंपू खूब मिल जाते हैं। इसको इस्तेमाल करने में एक कमी रह जाती है। दरअसल इसके साथ कंडीशनर बालों में ज्यादा देर नहीं रह पाता है। क्योंकि वो शैंपू के साथ ही धुल जाता है।

और फिर इसका असर भी बालों में ज्यादा देर तक नहीं रहता है। अगर आपके बाल छोटे हैं तब तो ये चल जाएगा लेकिन आपको लंबे बाल रखने का शौक है तो वो काफी रूखे लग सकते हैं। इसलिए तब आपको सिर्फ कंडीशनर का इस्तेमाल ही करना होगा।

### अगर बाल ड्राई हैं तो

अगर आपके बाल ड्राई हैं तो कंडीशनर का इस्तेमाल करने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। दरअसल हर कंडीशनर में भारीपन में अलग-अलग होते हैं।

ड्राई हेयर वालों को ऐसा कंडीशनर चाहिए होगा, जो ज्यादा हाइड्रेट करें। जबकि बहुत ऑयली बालों वाले लोगों को ऐसा कंडीशनर चाहिए होगा जो हल्का हो। जबकि पतले बालों के लिए वॉल्यूमाइजिंग कंडीशनर सही रहता है।